दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 320 जयपुर, रविवार, 29 अक्टूबर, 2023 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष- प्रतिपदा, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

वन्देमातरम्   जय भारत   जय हिन्द

मेरा राजस्थान, मेरा अभिमान

अभिनव लोकतंत्र पार्टी

जयवीर सिंह चैहान
संरक्षक

राजस्थान के चुनाव में, राजस्थान के स्वाभिमान में
हम लड़गें चुनाव, हम जीतेगें चुनाव

आप सभी ससम्मान सादर आमंत्रित है।

लोकप्रिय, संघर्षशील, राष्ट्रवादी,
युवा नेतृत्व के पुरोधा

चुनाव चिन्ह
बांसुरी



विजय कौशिक (अशोक जी)

को **अभिनव लोकतंत्र पार्टी**

के

राष्ट्रीय अध्यक्ष

(कार्यवाहक)

बनने पर

हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनायें

महिला सुरक्षा: महिला अत्याचार के खिलाफ कठोर नीति का निर्माण करना

किसान कल्याण: किसानों के लिए उचित मूल्य पर खरीद की विशेष व्यवस्था एवं अन्नदाता योजना के तहत किसानों की समस्याओं का तुरंत निवारण।

शिक्षा सुधार: 8वीं कक्षा तक सभी संस्थाओं में शिक्षा निःशुल्क करने की योजना बनाना व प्रतियोगी परीक्षाओं की फीस को भी निःशुल्क करना।

भ्रष्टाचार नियंत्रण: भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कठोर कानून को लागू करना।

धार्मिक सुरक्षा: सनातनी साथियों, धर्मगुरुओं, संतों, और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून लागू करना।

प्राईवेट व्हीकल टोल फ्री राजस्थान: सभी प्राईवेट व्हीकल को समस्त राजस्थान के रजिस्टर्ड पर टोल फ्री करना।

रोजगार सम्मान: बेरोजगार युवा के लिए नौकरी व रोजगार के सुअवसर उपलब्ध करना व नई नीति का निर्माण करना।

व्यापार समर्थन: व्यापारी भाइयों के लिए विशेष कानून और पेंशन योजना को लागू करना, और महंगाई को नियंत्रित करने के लिए विशेष योजना बनाना।

कृषि प्रधान राजस्थान: राजस्थान के समस्त प्रमुख जलाश्यों को भरने हेतु नहर जोड़ो योजना के तहत कार्य कराना।

मिस्ड कॉल नम्बर: 8003170477

राष्ट्रीय सहकार्यालयः B-32, सेठी कॉलोनी, जयपुर | सम्पर्क: 9461701000, 7240613574

निवेदकः लाखन सिंह, प्रहलाद कुमार, जनक सिंह, शैलजा सिकरवार, रूकमणी मीणा, जगदीश नाराणिया, डॉ. असीम वर्मा, संजीव गुप्ता

ATUL

जरूरी खबर

चुनाव से पहले 214 करोड़ रुपए किए जब्त

जयपुर। प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के बाद राजस्थान पुलिस ने 200 करोड़ रुपए की नकदी, शराब, नशीले पदार्थ और आभूषण जब्त किए हैं। पुलिस का मानना है कि इनका इस्तेमाल कथित तौर पर मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए किया जाना था। प्रदेश में आचार संहिता की पालना करवाने को लेकर बारह अधिकारियों की एक टीम बनाई गई है। वहीं पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने राज्य भर में कड़ी निगरानी के लिए एक स्टॉर्म क्लब बनाया है। आईजी कुमार ने बताया कि अब तक हमने कुल 214 करोड़ रुपए की जब्ती की है। हाल ही में जिसमें 25 करोड़ रुपए नकद, 20 करोड़ रुपए की शराब और 20 करोड़ रुपए के आभूषण व सोना जब्त किया गया है।

निर्वाचन अधिकारी ने तैयारियों की समीक्षा की

जयपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने शनिवार को मतदान दिवस पूर्व तैयारियों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जायजा लिया। उन्होंने समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के साथ वीसी कर चुनाव तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गुप्ता ने कहा कि 30 अक्टूबर से अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

आरएलपी की सत्ता संकल्प महारैली आज

जयपुर। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के स्थापना दिवस पर रविवार को सत्ता संकल्प यात्रा का समापन होगा। स्थापना दिवस पर पार्टी विद्याधर नगर में बड़ी सभा का आयोजन करेगी। वहीं पिछले कई दिनों हो चल रही सत्ता संकल्प महारैली का विद्याधर नगर स्टेडियम में समापन होगा। वहीं जनसभा को आरएलपी सुप्रीमो व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल संबोधित करेंगे। पिछले दिनों हुए आजाद समाज पार्टी के साथ हुए आरएलपी के गठबंधन के बाद पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद भी सभा को संबोधित करेंगे।

दो रिटायर्ड आईपीएस और छात्र नेता रवींद्र भाटी ने भी जॉइन की भाजपा

नेता बदल रहे अपना पाला, कांग्रेस छोड़ भाजपा की हुईं ज्योति

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में विधानसभा चुनावों से पहले नेताओं का दल बदलने का सिलसिला जारी है। शनिवार को भाजपा में करीब एक दर्जन नेताओं की एंट्री हुई। इसमें कांग्रेस के कई दिग्गजों के नाम शामिल हैं, जो अपनी पार्टी को छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। इस सूची में सबसे बड़ा नाम जयपुर की पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल का है। इसके अलावा तारानगर से पूर्व विधायक चन्द्र शेखर बैद के साथ ही जयनारायण विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रविन्द्र सिंह भार्टी भाजपा में शामिल हुए।

भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान

ये नेता भी बीजेपी में आए

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता जयपाल सिंह मांडोता, आप यूथ विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राठौड़, आप पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला संयुक्त सचिव सोमेन्द्र सिंह चौहान के अलावा आल इंडिया टैंट डेकोरेशन एवं वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रवि जिंदल और कांग्रेस के वार्ड 41 के अध्यक्ष किशोर सिंह शेखावत भी भाजपा में शामिल हुए। शनिवार इन सब को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर भाजपा ज्वॉइन कराई।

इन नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

विधानसभा चुनाव से पहले बगावत का दौर जारी है। दलबदल की राजनीति के फेर में भाजपा और कांग्रेस के कई नेता आ चुके हैं। शनिवार को भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं में जयपुर की पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल जयपुर से सांसद का चुनाव लड़ चुकी हैं। वहीं चन्द्रशेखर बैद के पिता चन्दनमल बैद कांग्रेस पार्टी से 8 बार विधायक व वित्त मंत्री रहे हैं। राजस्थान की राजनीति में एक प्रतिष्ठित नेता के रूप में उनकी पहचान रही है। वहीं जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रविन्द्र सिंह भाटी के अलावा चूरू जिले के राजगढ़ के पूर्व विधायक व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नंदलाल पूनियां, झुंझुनूं के मंडावा से 2003 व 2008 में निर्दलीय प्रत्याशी रहे डॉ. हरी सिंह सहारण, राजस्थान धरोहर एवं प्रौन्नति प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेता सांवरमल महरिया, लक्ष्मणगढ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, पूर्व आईपीएस अधिकारी केसर सिंह शेखावत और पूर्व आईपीएस अधिकारी भीम सिंह बीका ने भाजपा की नीतियों में विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कार्यकर्ताओं की अनदेखी

ज्योति खंडेलवाल ने भाजपा ज्वॉइन करते ही कहा कि कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की लगातार अनदेखी हो रही है। कांग्रेस में लगातार पार्टी के लिए समर्पित और समर्पण भाव से काम करने वाले कार्यकर्ताओं की उपेक्षा से मन विचलित हुआ इसलिए कांग्रेस को छोड़ भाजपा में शामिल हुई हूं। पार्टी आलाकमान को सब कुछ देखने के बाद भी खामोश रहकर कोई एक्शन नहीं लेना और कंप्रोमाइज कर लेना ये भी एक बड़ा कारण रहा है।

ईडी की एंट्री पर कांग्रेस-भाजपा में सियासत जारी

भाजपा को विकास और सोशल सिक्योरिटी से कोई सरोकार नहीं

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मोहन प्रकाश का भाजपा पर वार

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में ईडी की एंट्री को लेकर कांग्रेस-भाजपा में सियासत जारी है। दोनों ही प्रमुख दलों के नेता एक दूसरे पर जुबानी हमला बोल रहे हैं। शनिवार को कांग्रेस कार्यसमिति के विशेष आमंत्रित सदस्य एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता मोहन प्रकाश ने जयपुर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेसवार्ता की। इस दौरान मोहन प्रकाश ने भाजपा को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस की ओर से दी गई गारंटी फिर से हमारी सरकार बनाने पर दिशा में काम करेगी।

मोदी राज में राजनीति की विश्वसनीयता गिर रही है, इसलिए राजस्थान में सीएम अशोक गहलोत ने एक नया मॉडल ऑफ गर्वमेन्ट दिया। कांग्रेस सरकार ने सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और भविष्य के लिए रोड मैप देने का काम किया है। इसलिए देश के अन्य राज्यों की सरकारों को इस मॉडल पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

जबकि भाजपा का विकास और सोशल सिक्योरिटी से कोई सरोकार नहीं है। इसलिए भाजपा मोदी और कमल पर वोट मांग रहे हैं। भाजपा का मॉडल है, लूट और झूठ का, जिसमें कोई विजन नहीं है।

ईडी के अधिकारियों को गाली दे रहे मुख्यमंत्री गहलोत: सीपी जोशी

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत संवैधानिक पद पर बैठकर ईडी के अधिकारियों को गाली दे रहे हैं। प्रदेश के सभी कर्मचारी उनके इस आचरण को देख रहे हैं कि एक सीएम किस कदर हार के डर से बौखलाकर कर्मचारी अधिकारियों के लिए इस प्रकार की भाषा का उपयोग कर रहे हैं। अब समय आ गया है जब प्रदेश की जनता इस तरह गाली देने वाले और अपमान करने वाले मुखिया को विदा कर देगी। देश और दुनिया में पीएम मोदी की नीतियों और विचारधारा के समर्थक बढ़ रहे हैं। देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी की गारंटियों में विश्वास व्यक्त कर रही है, इससे कांग्रेस के कुनबे में खलबली मची हुई हैं।

कर्नाटक में भी ईडी के खूब छापे पड़े

मोहन प्रकाश ने कहा कि भाजपा को अपना नाम बदलकर ईडी पार्टी रख लेना चाहिए, क्योंकि बंगाल चुनाव में आचार संहिता के रहते भाजपा के नेताओं से ज्यादा ईडी ने दौरा किया। कर्नाटक के चुनाव में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डीके शिवकुमार जिस दिन अपने मुहुर्त के अनुसार नामांकन दाखिल करने वाले थे उसी दिन नोटिस देकर दिल्ली बुला लिया। कर्नाटक में भी ईडी के खूब छापे पड़े तथा वहां की जनता ने भाजपा को चुनाव हराकर कड़ा जवाब दिया। राजस्थान में भी ईडी के छापे भाजपा की सोची-समझी रणनीति के तहत डाले जा रहे हैं।

कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन: राठौड़

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री कोड आफ कंडक्ट का उल्लंघन कर रहे हैं। आचार संहिता लगने के बाद सत्तारूढ़ पार्टी इस प्रकार घोषणाएं नहीं कर सकती लेकिन ईडी की जांच से घबराए मुख्यमंत्री गहलोत इस प्रकार झूठी घोषणाएं कर रहे हैं। कांग्रेस के भ्रष्टाचार की धीरे-धीरे कलई खुल रही है और पूरी कांग्रेस में हलचल है।

बौखलाए हुए हैं गहलोत: अरुण सिंह

भाजपा प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि इस बार के चुनावों में गहलोत सरकार विदा होने वाली है, इसलिए सीएम गहलोत बौखलाए हुए हैं और ईडी के कर्मचारियों व अधिकारियों के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

8.6 फीसदी रही महंगाई दर

राजस्थान महंगाई के मामले में पूरे देश में नंबर वन: सरीन

बेधड़क | जयपुर

भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश संयोजक सतीश सरीन ने कहा कि राज्य सरकार की गलत नीतियों और महंगाई पर रोक के लिए कोई प्रबन्ध नहीं किए जाने के कारण राजस्थान महंगाई के मामले में पूरे देश में नंबर वन स्थान पर पहुंच गया है।

इसका खुलासा हाल ही जारी की गई मिनिस्ट्री ऑफ स्टेटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन की रिपोर्ट में हुआ है। इस रिपोर्ट के अनुसार सरकार की नीतियों और आर्थिक प्रबंधन में विफल होने के कारण अगस्त माह में महंगाई दर देश में सबसे ज्यादा 8.6 फीसदी दर्ज की गई है। राज्य की यह हालत एक ही वर्ष में नहीं हुई है बल्कि गत वर्ष 2022 में भी महंगाई राहत देश में सबसे अधिक ज्यादा थी। इस वर्ष अगस्त माह में ही राज्य के शहरी क्षेत्र में महंगाई दर 9.17 फीसदी रही। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में यह दर 8.35 फीसदी रही है। कांग्रेस शासित राजस्थान में महंगाई दर अधिक है जबकि भाजपा शासित मध्य प्रदेश में महंगाई दर 6.07 प्रतिशत ही है। वहीं गुजरात में भी अगस्त की महंगाई दर 6.22 फीसदी ही रही है।

भाजपा युवा मोर्चा ने किया प्रदर्शन

भाजयुमो ने शनिवार को प्रदेश भर के हर जिला मुख्यालय पर पेपर लीक माफियाओं पर सख्त कार्यवाही के लिए विरोध और प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर (चेची) ने बताया कांग्रेस सरकार चोरी और उसके बाद सीना जोरी का काम कर रही है। पहले तो पेपर लीक के प्रकरण में सरकार की लिप्तता रही, उसके बाद जब केंद्रीय एजेंसियां इसकी जवाबी कार्यवाही कर रही है तो कांग्रेस के नेता घबरा कर धरनों पर बैठ रहे हैं।

हजारों समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री आवास पर किया शक्ति प्रदर्शन

OSD शर्मा ने भीलवाड़ा से जताई दावेदारी

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए टिकट बंटवारे को लेकर राजनीतिक दलों की माथापच्ची जारी है। दूसरी तरफ टिकट के दावेदार पार्टियों पर या तो दबाव डाल रहे हैं या फिर शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं।

इस बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा ने हजारों समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री आवास पर शक्ति प्रदर्शन किया। लोकेश भीलवाड़ा से टिकट के लिए दावेदारी कर रहे हैं। लोकेश शर्मा के समर्थन में प्रदर्शन करने वाले लोगों में बड़ी संख्या में भीलवाड़ा के युवा भी शामिल थे। समर्थकों का कहना था कि लगातार दो दशक से क्षेत्र में भाजपा के विधायक हैं, इससे भीलवाड़ा की दशा बिगड़ चुकी है। भाजपा के तीन बार के मौजूदा विधायक की ओर से क्षेत्रवासियों की मांगों को अनदेखा करने के कारण लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में क्षेत्रावसियों की मांग है कि कांग्रेस इस बार के चुनाव में लोकेश शर्मा जैसे युवा नेता को क्षेत्र से टिकट दे, ताकि यहां कांग्रेस पार्टी के लिए 2 दशक के इंतजार को खत्म किया जा सके और भीलवाड़ा शहर एक बार फिर से विकास की राह पर अग्रसर हो सके।

वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी सीएम आवास पर आए समर्थकों को इस बात के लिए आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी टिकट वितरण के दौरान लोकेश शर्मा की पार्टी संगठन के प्रति निष्ठा और उनकी सक्रियता को पूरा ध्यान रखा जाएगा और उनके हितों की रक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को किसी युवा चेहरे को समर्थन देना चाहिए।

सात नवंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए 1.47 लाख आवेदन आए

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में आगामी चुनावों से पहले निर्वाचन विभाग द्वारा पूरक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए दिए गए अंतिम मोके में 1.47 लाख आवेदन आए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राजस्थान विधानसभा- 2023 के लिए अब तक वंचित पात्र लोगों को पूरक मतदाता सूची में जोड़ने के लिए चला अभियान शुक्रवार को समाप्त हो गया। अभियान अवधि में प्रदेशभर में एक लाख 47 हजार से अधिक मतदाताओं ने फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि अब इन सभी एक लाख 47 हजार 240 आवेदनों का छह नवंबर तक निस्तारण किया जाएगा। इसके बाद निर्वाचन विभाग सात नवंबर को पूरक सूची सहित अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन करेगा। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची में अब तक पांच करोड़ 27 लाख 96 हजार 733 मतदाता दर्ज हैं। राज्य में विधानसभा की 200 सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा जबकि वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।

विधानसभा आम चुनाव 2023

आरएलपी, आम आदमी व एएसपी ने जारी की उम्मीदवारों की सूची

खींवसर से चुनाव लड़ेंगे हनुमान बेनीवाल

बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने आजाद समाज पार्टी के साथ गठबंधन करने के बाद विधनसभा चुनावों के लिए शनिवार को प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की। आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने शनिवार को 10 उम्मीदवारों की घोषणा की है। आरएलपी के संयोजक सांसद बेनीवाल ने अपने भाई नारायण बेनीवाल का खींवसर से टिकट काटकर खुद चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। वहीं भोपालगढ़ से मौजूदा विधायक पुखराज गर्ग और मेड़ता से विधायक इंदिरा देवी को मैदान में उतारा है। वहीं पार्टी ने इसके अलावा परबतसर से लछाराम बडारड़ा, कोलायत से रेवतराम पंवार, सहाड़ा से बद्रीलाल जाट, बायतू से उम्मेदाराम बेनीवाल, सरदारशहर से लालचंद मूंड, सांगानेर से महेश सैनी और जोधपुर शहर से डॉ. अजय त्रिवेदी को टिकट दिया है।

आप के 21 प्रत्याशियों की घोषणा

आम आदमी पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 21 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की है। आप ने 23 उम्मीदवारों की पहली सूची 26 अक्टूबर को जारी की थी। आप ने बीकानेर पश्चिम से मनीष शर्मा, जोधपुर से रोहित जोशी, छाबड़ा से पूर्व आईआरएस अधिकारी आरपी मीणा, बहरोड़ से हरदान सिंह गुर्जर, सवाई माधोपुर से मुकेश भूप्रेमी, बाली से लाल सिंह, खानपुर से दीपेश सोनी, रामगढ़ से विश्वेंद्र सिंह, सीकर से झाबर सिंह खिच्चर, चौमूं से हेमंत कुमार कुमावत, रतनगढ़ से डॉ. संजू बाला, पीपल्दा से दिलीप कुमार मीणा, सिविल लाइन्स से अर्चित गुप्ता, शाहपुरा से पूरण मल खटीक, करोली से हिना फिरोज बेग, नदबई से रोहिताश, बस्सी से रामेश्वर प्रसाद, मारवाड़ जंक्शन से नरपत सिंह, सांचोर से राम लाल बिश्नोई को प्रत्याशी बनाया है।

दबाव में जारी की सूची: मिर्धा

नागौर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार ज्योति मिर्धा ने आरएलपी की सूची जारी करने पर पलटवार करते हुए कहा कि उम्मीदवारों की पहली सूची दबाव में जारी की है। उन्होंने कहा कि बेनीवाल पर दबाव ज्यादा पड़ गया था। वे हर जगह बोलते हैं कि मैंने पार्टी बनाई है। उन्होंने अभी तक एक भी सूची जारी नहीं की थी। तो लोगों के मन में संशय आ रहा था जब उनकी खुद की पार्टी है तो वह तो अपनी उम्मीदवारी समेत एक सूची तो जारी कर ही सकते हैं

भारत आदिवासी पार्टी की लिस्ट जारी

भारत आदिवासी पार्टी में गोगुन्दा से उदयलाल भील, बांसवाड़ा से हेमंत कुमार मीणा, बागीदौरा से जयकृष्ण पटेल, कुशलगढ़ से राजेंद्र आमलियार, मांडलगढ़ से भावना गुर्जर को मैदान में उतरा हैं। वहीं आजाद समाज पार्टी ने शनिवार को 6 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। सूची के अनुसार झुंझनूं से पंकज धनखड़, विराटनगर से रामचंद्र सिराधना, मुंडावर से अंजलि यादव, धौलपुर से नसरुद्दीन शाह, केकड़ी से जीतेन्द्र बोयात, बूंदी से अनीता मीणा को को मैदान में उतरा है।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 2 | अंक: 320 जयपुर, रविवार, 29 अक्टूबर, 2023 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष- प्रतिपदा, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

जरूरी खबर

मुकेश अंबानी को हत्या की धमकी, 200 करोड़ मांगे

मुंबई। 'रिलायंस इंडस्ट्रीज' के चेयरमैन मुकेश अंबानी को एक ईमेल मिला है, जिसमें 20 करोड़ रुपए नहीं देने पर उन्हें गोली मारने की धमकी दी गई थी। बाद में यह राशि 200 करोड़ कर दी गई। मुंबई पुलिस ने शनिवार को बताया कि अंबानी को शुक्रवार को जान से मारने की धमकी वाला ईमेल मिला और उनके सुरक्षा प्रभारी की शिकायत के आधार पर गामदेवी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। ईमेल में कहा गया है कि अगर वे पैसे नहीं देते हैं, तो उन्हें गोली मार दी जाएगी।

सूरत में एक परिवार के सात सदस्य मृत मिले

सूरत। गुजरात के सूरत शहर में शनिवार को तीन बच्चों सहित एक ही परिवार के सात सदस्य अपने आवास में मृत पाए गए। पुलिस को संदेह है कि यह सामूहिक आत्महत्या का मामला है। पुलिस ने कहा कि सातों शव अदजान इलाके के एक अपार्टमेंट में पाए गए और मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें कहा गया है कि परिवार आर्थिक तंगी के कारण यह कदम उठा रहा है। पुलिस ने कहा कि छह लोगों की मौत संभवतः जहर के सेवन से हुई, जबकि एक का शव फंदे से लटका हुआ मिला।

ये भी देखें...

पेज-2: भाजपा की हुई ज्योति
पेज-3: मिला 2.78 करोड़ का सोना
पेज-8: तेलंगाना की चुनावी डायरी
पेज-9: अखिल की हिट परफॉर्मेंस
पेज-10: हमास पर सबसे बड़ा हमला

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

ईडी के बाद अब आयकर विभाग की एंट्री: प्रदेश के एक और मंत्री के यहां रेड

मंत्री उदयलाल आंजना से जुड़े ठिकानों पर आईटी की कार्रवाई

■ करीब आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों में पहुंचे अधिकारी ■ मुंबई आयकर विभाग के अधिकारी कर रहे हैं जांच

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान के साथ ही ईडी के बाद अब आईटी की भी एंट्री हो गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश की कांग्रेस सरकार में सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के उदयपुर में सुखाड़िया सर्कल के पास न्यू फतेहपुरा स्थित ऑफिस 'चेतक इंफ्रास्ट्रक्चर' पर शनिवार को शाम करीब 4 बजे आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों में आयकर की टीम पहुंची और छापा मार जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि जिस समय आईटी की टीम ने छापा मारा उसी समय कांग्रेस के निम्बाहेड़ा से प्रत्याशी उदय लाल अंजना चुनाव प्रचार में व्यस्त थे।

आंजना राजस्थान के मेवाड़ इलाके में कांग्रेस का बड़ा चेहरा हैं। आंजना के ठिकानों पर छापेमारी से सूबे की सियासत गरमा गई है। आईटी टीम ने आंजना के ऑफिस में पहुंचते ही मौजूद स्टाफ से दस्तावेज मांगे और उनकी जांच में जुट गई। बताया जाता है कि इस कार्यालय पर नेशनल हाईवे से जुड़े कामकाज होते हैं। विभाग की टीम ने दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है।

इधर, जैसे ही मीडिया के लोग ऑफिस के बाहर पहुंचे तो आईटी की टीम ने अंदर से ऑफिस की लाइट बंद कर चैनल गेट को अंदर से लॉक कर दिया।

आंजना की दो फर्मों की हो रही जांच

उदयपुर में मंत्री आंजना के दो ठिकानों पर मुंबई के आयकर अधिकारी जांच में जुटे हुए हैं। चेतक इंफ्रास्ट्रक्चर के अलावा आंजना की कंपनी नासिक स्पिनर्स की भी जांच की जा रही है। दोनों कंपनियों के तार मुंबई की ईगल इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े बताए जाते हैं। मुंबई में उस कंपनी पर भी छापा मारा गया है। यह कंपनी रोड कंस्ट्रक्शन सहित अन्य क्षेत्रों में कार्य करती है। हालांकि अंदर कार्रवाई में जुटे टीम सदस्यों ने किसी तरह की जानकारी देने से इनकार कर दिया। कार्रवाई देर रात तक जारी रही। बताया गया कि आंजना की कंपनी की ओर से मुंबई में फर्म के साथ बड़ा लेनदेन किया गया। जांच के दायरे में आने के बाद टीमों ने कंपनी के दफ्तरों पर पड़ताल शुरू की।

पेपरलीक प्रकरण में ईडी कर चुकी पीसीसी चीफ के यहां रेड

बता दें, पेपर लीक प्रकरण को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जयपुर स्थित सरकारी आवास और सीकर स्थित निजी आवास के साथ ही हाल ही में कांग्रेस प्रत्याशी घोषित हुए विधायक ओम प्रकाश हुडला के ठिकानों पर छापा मारा था। इसके विरोध में कांग्रेस ने शुक्रवार को ईडी दफ्तर का घेराव भी किया था।

सीएम गहलोत ने ईडी-आईटी पर खड़े किए सवाल, कहा-

मोदी-शाह के राज में गिर रही एजेंसियों की साख

बेधड़क | जयपुर/नई दिल्ली

सीएम गहलोत ने कहा कि देश में ईडी, इनकम टैक्स जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया है। संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता बनी रहनी चाहिए। संवैधानिक संस्थाओं के कमजोर होने से देश का नुकसान होता है।

आज देश में भय का माहौल पैदा हो गया है। विपक्षी नेताओं को लगातार टारगेट किया जा रहा है। कांग्रेस शासित राज्यों में ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स की रोज कार्रवाइयां हो रही हैं। इसके चलते आज देश में केंद्रीय जांच एजेंसियों की साख दांव पर है। केंद्र की एनडीए सरकार, केंद्रीय गृह मंत्री और प्रधानमंत्री पिछले नौ साल से यह काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रविवार को दिल्ली में होने वाली कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में शामिल होने के लिए शनिवार शाम दिल्ली पहुंचे। दिल्ली पहुंचने पर उन्होंने एयरपोर्ट पर मीडिया से रूबरू होते केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। बता दें कि प्रदेश में ईडी लगातार कांग्रेस नेताओं और उनके सहयोगियों पर छापे मार रहीं है।

जहां ईडी ने गुरुवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के सरकारी आवास पर पेपर लीक प्रकरण में छापा मारा था। वहीं, शनिवार को इनकम टैक्स की मुंबई से आई टीम ने प्रदेश के सहकारिता मंत्री और निम्बाहेड़ा से पार्टी के प्रत्याशी के उदयपुर स्थित ठिकानों पर छापेमारी की।

भाजपा बनी ईडी की प्रवक्ता, जनता नहीं करेगी माफ

■ केंद्र की भाजपा नीत सरकार ने करप्शन को भी कर दिया लीगल

संविधान की उड़ाई जा रही धज्जियां

सीएम गहलोत ने कहा कि एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है और देश की जनता का ध्यान हटाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। आज देश में लोकतंत्र खतरे में है। संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, उन राज्यों में एजेंसियां द्वेषतापूर्वक कार्रवाई कर रही हैं। रोज कांग्रेस नेताओं को नोटिस दिए जा रहे हैं। गहलोत ने कहा कि एनडीए सरकार विनाशकाले विपरीत बुद्धि की राह पर चल रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा पांचों राज्यों में चुनाव हार रही है। हार की आशंका के कारण ही ऐसी कार्रवाई हो रही। पूरे देश में आतंक मचा रखा है।

भाजपा हमारी गारंटियों का मुकाबला नहीं कर सकती

भाजपा हमारी गारंटियों का मुकाबला नहीं कर सकती है। ईडी ने कार्रवाई के बाद कोई प्रेस नोट जारी नहीं किया है। सीएम ने कहा कि ईडी यह नहीं बता रही है कि उसने अमुक व्यक्ति के घर क्यों छापा मारा गया? वहां से क्या बरामद हुआ? कितना कैश मिला? इसकी जानकारी जारी नहीं होती है, ना ही वे प्रेस से बात करते हैं। बात भाजपा कर रही है। भाजपा ईडी की प्रवक्ता बन गई है... ईडी की तरफ से सफाई दे रही है। हमारे प्रदेश कांग्रेस प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा के यहां पर बिना किसी कारण के छापा मारा गया। इन्हें देश देख रहा है, देश इन्हें माफ नहीं करेगा।

भाजपा ने भगोड़े से लिया चंदा

सीएम अशोक गहलोत ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले सुनते थे नीरव मोदी, विजय माल्या, मेहुल चौकसी के भगोड़ों में नाम आते थे। उन्होंने कहा कि इनके बाद कोई नया नाम सामने आया क्या? इसलिए नहीं आया कि अब सबसे चंदा लिया जा रहा है। बड़े बड़े आर्थिक अपराधी हैं। उनसे इलेक्टोरल बॉन्ड, जो लीगल ही करप्शन का जरिया बन गया है। इसके माध्यम से बड़े बड़े उद्योगपति हो या आर्थिक अपराधी हो, सबसे बॉन्ड के माध्यम से बीजेपी चंदा ले रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने करप्शन को भी लीगल कर दिया है।

हनुमानगढ़ पुलिस की कार्रवाई

नाकाबंदी में 3.27 करोड़ के सोने के जेवरात जब्त

बेधड़क | हनुमानगढ़

रावतसर थाना पुलिस की टीम ने नोहर तिराहे पर नाकाबंदी के दौरान एक पंजाब नंबर की वरना कार से 3 करोड़ 27 लाख रुपए अनुमानित कीमत के सोने के आभूषण जब्त किए हैं।

एसपी डॉ. राजीव पचार ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मध्य नजर चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में आईजी बीकानेर रेंज ओमप्रकाश के निर्देश पर बनाए गए नाकों पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनवारी लाल मीणा तथा सुभाष शर्मा व सीओ महेंद्र कुमार मेघवंशी के निर्देशन में शनिवार को एसएचओ अरुण चौधरी ने मय जाब्ता नोहर तिराहे पर नाकाबंदी की थी।

पंजाब नंबर की कार

पुलिस अधीक्षक ने बताया इस दौरान पंजाब नंबर की एक संदिग्ध वरना कार को रुकवाया गया। कार सवार सर्वजीत कुमार निवासी कोर्ट करनैल सिंह हाउस अमृतसर पंजाब के पास से 3 करोड़ 27 लाख रुपए अनुमानित कीमत के सोने के आभूषण मिलने पर इंटरसेप्ट की कार्रवाई कर एफएसटी टीम के सहयोग से आभूषण एवं कार के सीजर की कार्रवाई की गई।

आज India vs England मैच

लखनऊ। टीम इंडिया का मैच रविवार को इंग्लैंड से होगा। भारतीय टीम के उप कप्तान हार्दिक पांड्या इस मैच से बाहर हो गए हैं। स्टार बल्लेबाज केएल राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर इसकी पुष्टि की। हार्दिक को टीम इंडिया के वर्ल्ड कप 2023 के चौथे मैच में बांग्लादेश के खिलाफ गेंद को रोकने के प्रयास में बाएं टखने में चोट लगी थी, जिसके कारण वह न्यूजीलैंड के बाद इंग्लैंड के खिलाफ भी मुकाबला नहीं खेलेंगे। केएल राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिंट दिया है कि उनकी जगह टीम सूर्यकुमार यादव के साथ उतर सकती है।

विश्वकप: ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड जीते

सांसें थमा देने वाले मैच में कंगारुओं की 5 रन से जीत

एजेंसी | धर्मशाला

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को धर्मशाला के एसपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए हाई स्कोरिंग मुकाबले में पांच रन से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ट्रेविस हेड के शतक की बदौलत 49.2 ओवर में 388 रन बनाए।

इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम रचिन रवींद्र के शतक और आखिरी ओवरों में नीशम की तूफानी पारी के बाद भी जीत नहीं सकी। न्यूजीलैंड को आखिरी ओवर में जीत के लिए 19 रन चाहिए थे।

शुरुआती चार गेंदों में कीवी टीम ने 12 रन बना लिए थे और आखिरी दो गेंद पर सात रन चाहिए थे लेकिन नीशम पांचवीं गेंद पर रन आउट हो गए और मैच की आखिरी गेंद पर एक भी रन नहीं बना। जिससे ऑस्ट्रेलिया की टीम पांच रन से मैच जीतने में कामयाब हुई।

बांग्लादेश पराजित

नीदरलैंड ने शनिवार को खेले गए दूसरे मैच में बांग्लादेश को 87 रनों से हरा दिया। यह विश्वकप में उसकी दूसरी जीत है। नीदरलैंड द्वारा दिए गए 229 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम 42.2 ओवर में सिर्फ 142 रन बना सकी। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। बता दें कि नीदरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया था।

टिकट की टिक-टिक

भाजपा व कांग्रेस आज जारी कर सकती है बाकी प्रत्याशियों की सूची

- सीएम गहलोत पहुंचे दिल्ली, कांग्रेस की सीईसी की बैठक आज होगी
- कांग्रेस के 105 तो भाजपा के 76 सीटों पर प्रत्याशी घोषित करने बाकी
- शांति धारीवाल, महेश जोशी और धर्मेंद्र राठौड़ का टिकट हो सकता है फाइनल

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस की चौथी सूची रविवार देर शाम तक आने की प्रबल संभावना है।

कांग्रेस तीन सूचियों में 95 और भाजपा दो सूची में 124 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार चुकी है। जाहिर है, अब कांग्रेस के 105 तो भाजपा के 76 सीटों पर प्रत्याशी घोषित होने बाकी हैं। बताते हैं, इस बार के मंथन के बाद दोनों पार्टियां बाकी प्रत्याशी घोषित कर देंगी।

अशोक गहलोत

सुखजिंदर सिंह रंधावा

सीपी जोशी

अरुण सिंह

भाजपा की सूची भी अंतिम दौर में

वहीं दूसरी ओर, 76 सीटों पर प्रत्याशी उतारने को लेकर भाजपा की सूची भी अंतिम दौर में है। सूत्रों की मानें तो शुक्रवार को जयपुर में हुई प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक में इन सीटों को लेकर पूरी चर्चा की जा चुकी है। अब रविवार को राजस्थान कोर कमेटी के सदस्यों के साथ जेपी नड्डा चर्चा के बाद सूची को सीईसी में रखा जाएगा।

दिल्ली में आज होगा पैनल पर मंथन-

दिल्ली में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक रविवार को है। इस बैठक में शेष बची सीटों पर प्रत्याशियों के नामों पर फाइनल मंथन किया जाएगा। उसके बाद सूची केन्द्रीय चुनाव समिति की मंजूरी के लिए जाएगी। राजस्थान में हुई कोर कमेटी की बैठक में पैनल तैयार कर लिया गया है। इस दौरान हर उम्मीदवार को लेकर विस्तार से चर्चा की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री गहलोत की गोगोई से हुई लंबी मंत्रणा

दिल्ली में होने वाली स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में शामिल होने के लिए सीएम अशोक गहलोत शनिवार शाम को जयपुर से दिल्ली पहुंचे। बैठक में गोविंद सिंह डोटासरा और पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा आदि शामिल होंगे। स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन गौरव गोगोई ने सीएम गहलोत के साथ लंबी मंत्रणा भी की। माना जा रहा है कि अगली सूची में गहलोत सरकार में कैबिनेट के मंत्री शांतिलाल धारीवाल और महेश जोशी के साथ ही आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ का नाम भी आ सकता है।

बची 66 सीटें बीजेपी हारी थी

भाजपा के सामने चुनौती यह है कि शेष बची 76 सीट में से 66 सीट ऐसी हैं, जिन पर भाजपा पिछला चुनाव हार गई थी। हालांकि इनमें कुछ सीटें ऐसी हैं जिन पर हार का अंतर कम था। ऐसे में इन सीटों पर जिताऊ प्रत्याशी का चयन करने के लिए मंथन होगा।

ये नेता हो सकते हैं शामिल

दिल्ली में रविवार को होने वाली संभावित बैठक में प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ सहित अन्य नेता शामिल होंगे। वहीं पीएम नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित कई नेता बैठक में भाग लेंगे और प्रत्याशियों का चयन करेंगे।

जरूरी खबर

संस्कृत संभाषण शिविर का हुआ शुभारंभ

बिलौंची। ग्राम बिलौंची स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में राजस्थान संस्कृत अकादमी जयपुर के तत्वावधान में शनिवार को संस्कृत संभाषण शिविर का शुभारम्भ हुआ। मां सरस्वती के समक्ष प्रधानाचार्य डॉ. महेश कुमार दोलोलिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। 10 दिवसीय शिविर में संस्कृत में वार्तालाप, अनुवाद की प्रकिया, वाक्य रचना आदि सिखाया जाएगा। इस मौके पर प्राध्यापक सुभाष चन्द्र दोतोलिया, प्रभुदयाल दरिया, रामजीलाल शर्मा, प्रेमलता शर्मा आदि मौजूद रहे।

पुलिस पर फायरिंग का वांछित ईनामी आरोपी गिरफ्तार

जोधपुर। पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम ने कर्मियों पर फायरिंग कर फरार हुए आरोपी रामनिवास बिश्नोई निवासी पोखरिया की ढाणी थाना कापरड़ा जोधपुर को डिटेन किया है। उसे चित्तौड़गढ़ जिले की राशमी थाना पुलिस को सौंपा गया। आरोपी पर एसपी चित्तौड़गढ़ द्वारा 25 हजार का इनाम घोषित है। 6 जनवरी 2023 को आरोपी रामनिवास बिश्नोई 460 किलो अवैध डोडा पोस्त ले जाते समय चित्तौड़गढ़ की पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए फरार हो गया था। क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल राकेश जाखड़ को आरोपी के बारे में मिली सूचना मिली थी। जानकारी की पुष्टि होने के बाद 10 महीनों से फरार चल रहे आरोपी को दबोचा गया।

शरद महोत्सव के तहत दिया मतदान का संदेश

टोंक। सेंट सोल्जर बालिका सी. सै. स्कूल में शरद महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इसमें सभी अभिभावक को बुलाया गया तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर बताया कि बताया गया कि मतदान सभी का मौलिक अधिकार है। इसका उपयोग कर सही व्यक्ति का चुनाव कर सकते हैं। इस दौरान विद्यार्थियों कविता, गीत, भाषण, एकल नाटक, सामूहिक नाटक आदि की प्रस्तुति दी। निदेशक बाबूलाल शर्मा एवं प्रबंधक हितेश शर्मा ने मतदान एवं चुनाव में भागीदारी का महत्व बताया।

एपीआरआई में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कला कार्यशाला के समापन पर लगाई चित्र प्रदर्शनी

‘आर्टइको’ में भारत और रूस के कलाकारों का दिखा हुनर

बेधड़क | टोंक

एपीआरआई में आयोजित ‘आर्टइको’-2023 के समापन पर शनिवार को भारत और रूस के कलाकारों का हुनर दिखने को मिला। 26 से 28 अक्टूबर तक चले इस अन्तरराष्ट्रीय आयोजन में कई कार्यक्रम हुए।

कला कार्यशाला में रूस सहित भारत के सात कलाकारों ने भाग लिया। आयोजन समापन के अवसर पर एपीआरआई में एक चित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इसमें टोंक के ऐतिहासिक स्थलों के चित्रण को प्रदर्शित किया गया।

इस अवसर पर कार्यशाला में भाग लेने वाले कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्रेयांसी मनु एसेरगे खावालोव, रूसी चित्रकार क्लेनिआ द्रोज़्द एयूजीनि लोबानोव रहे। समापन समारोह की अध्यक्षता मौलाना आजाद अरबी फारसी शोध संस्थान के निदेशक मुजीब अता आजाद ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद् गोवर्धन हिरोनी, रमेश काला, प्रदीप शर्मा, रूपनारायण चौधरी एवं भागचंद वैष्णव रहे। समारोह में निदेशक मुजीब आजाद ने कहा कि रूस एवं भारत मैत्री राष्ट्र रहे हैं। ऐसे में रूस के कलाकारों द्वारा टोंक की सभ्यता संस्कृति एवं स्थापत्य कला पर चित्रकला का प्रदर्शन करना गौरव का विषय है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौलाना जमील, मोहम्मद आरिफ, मुरलीधर अरोड़ा, खलील दादा, आसिफ खान, चित्रकार ताराचन्द शर्मा, नरेन्द्र साहू सहित अनेक कलाकार मौजूद रहे।

ऐतिहासिक स्थलों को कैनवास पर उतारा

तीन दिवसीय कार्यशाला के दौरान रूसी चित्रकारों ने टोंक जिले के ककोड़ किला, बावड़ी, शाही जामा मस्जिद, चतुर्भुज तालाब, हाथी भाटा, अन्नपूर्णा मन्दिर, बनास पुलिया, पक्का बंधा सहित अनेक ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर उनका हूबहू अक्स कैनवास पर उतारा। उनके बनाए चित्रों को एपीआरआई में आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया। चित्र बनाने वाले कलाकारों में पांच रुसी कलाकार सेरगे खावालोव एक्जेनिआ द्रोजद, यूजीनि लोबानोव, ओल्गा लेवचेंको एवं अक्सेंटिव सर्गेई। भारत से गजल प्रताप एवं श्रेयांसी मनु जैसे प्रसिद्ध कलाकार शामिल रहे।

सांस्कृतिक विरासत को बचाने का प्रयास

कार्यक्रम की सह-आयोजक श्रेयांसी इंटरनेशनल आर्ट एंड कल्चर ऑर्गनाइजेशन की प्रबंध निदेशक श्रेयांसी सिंह मनु ने कहा कि ‘आर्टईको’ एक ऐतिहासिक आयोजन है जो कला प्रेमियों एवं पारखी लोगों को आकर्षित करेगा। उन्होंने छात्रों और युवाओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं कला के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए परियोजना के मिशन के रूप में इस कार्यक्रम को सशक्त प्रयास बताया। इसी के तहत टोंक जिले में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। श्रेयांसी ने कहा कि भविष्य में ऐसे आयोजन होते रहेगें। कार्यक्रम के स्थानीय समन्वयक महेश गुर्जर ने बताया कि टोंक जिले बनाई गई चित्रों की प्रर्दशनी रूस में भी आयोजित होगी। इसमें टोंक जिले के ऐतिहासिक स्थलों को अन्तराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।

लाखों का सोना-चांदी, नशा व नकदी बरामद, प्रदेश में धरपकड़ जारी

‘खाकी’ की मुस्तैदी पड़ रही भारी

प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के बाद से ही पुलिस अपराधी तत्वों की धरपकड़ में जुटी है। वहीं मादक पदार्थ, नकदी और सोने-चांदी की तस्करी पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने शनिवार को प्रदेश के कई जिलों में कार्रवाई कर अवैध सामग्री जब्त की है। पुलिस की मुस्तैदी से अपराधियों के मंसूबे तस्त हो रहे हैं। नाकाबंदी कर असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

40 लाख रुपए का डोडा-चूरा जब्त, वांछित आरोपी धरा

चित्तौड़गढ़। बेगूं थाना पुलिस ने अफीम व डोडा चूरा को रखने एवं अपने पट्टे की उत्पादित अफीम का गबन करने के मामले मे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 4 किलो 360 ग्राम अवैध अफीम व 139 किलो 820 ग्राम डोडा चूरा जब्त किया है। हरियाणा के अम्बाला जिले के नगल थाने में तस्करी में वांछित अपराधी बालकिशन धाकड़ को अम्बाला पुलिस बेगूं पुलिस की मदद से पकड़ने गई थी। दबिश के दौरान बालकिशन के घर से मिला अवैध मादक पदार्थ को जब्त कर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी बालकिशन धाकड की मौजूरगी मे मकान की तलाशी ली गई तो 10 प्लास्टिक के कट्टो मे 139 किलो 820 ग्राम अफीम डोडा चुरा भरा हुआ मिला। इसी दौरान मकान की उपरी मंजिल पर कमरे की अलमारी से तीन प्लासिटक की थैलियों मे 4 किलो 360 ग्राम अफीम मिली। मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

कार से अवैध शराब बरामद

जालोर। भागल सेफ्टा में एफएसटी व भीनमाल थाना पुलिस की नाकाबंदी तोड़ भागी लग्जरी कार फॉर्च्यूनर को थाना पुलिस की टीम ने पीछा कर पकड़ लिया। हालांकि चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कायबाब रहा। गाड़ी की तलाशी में 10.42 लाख रुपए की राजस्थान व पंजाब निर्मित अवैध शराब व बीयर के 81 कर्टन भरे हुए मिले। एसपी मोनिका सेन ने बताया कि थाना पुलिस ने सामने से आ रही सन्दिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया तो उसमें सवार युवक पुलिस टीम पर फायरिंग धोराढाल की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया तो आरोपी अंधेरे में कार छोड़कर फरार हो गए।

सोना-चांदी, नकदी व 1 लाख 7 हजार की अवैध शराब कपड़ी

चूरू। जिला पुलिस ने 7 लाख 68 हजार नकद, साढ़े छह किलो चांदी, 174 ग्राम सोना व 1 लाख 7 हजार की अवैध शराब जब्त की है। वहीं अवैध शराब रखने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। चुरु एसपी प्रवीण नायक नुनावत ने बताया कि भालेरी पुलिस ने मेगा हाईवे पर पिकअप गाड़ी में सवार अजय कुमार बावरी निवासी थाना तारानगर के कब्जे से 2 लाख और स्विफ्ट गाड़ी में सवार बलजिंद्र सिंह व दीवान सिंह निवासी अमृतसर पंजाब के कब्जे से 2 लाख 90 हजार रुपए जब्त किए। हमीरवास पुलिस ने शुक्रवार को रामपुर चेक पोस्ट पर हरियाणा नंबर की ब्रेजा कार में सवार विकास कुमार सोनी और कर्मवीर निवासी जिला भिवानी के कब्जे से करीब साढ़े छह-सात किलो चांदी के जेवरात और 170-174 ग्राम सोने के जेवरात जब्त किए। उधर थाना सांडवा पुलिस ने तेहनदेसर गांव में एक दुकान से गोमद राम नायक निवासी इंयारा के कब्जे से 144 पव्वे देसी शराब, 91 पव्वे अंग्रेजी शराब, 20 अंग्रेजी शराब के अद्दे, 9 अंग्रेजी शराब की बोतल, 13 केन व 287 बीयर की बोतल जब्त की।

24 घंटे में पकड़ी लाखों रुपए की नकदी

बाड़मेर। जिले में फ्लाइंग स्क्वाड (एफएसटी) व पुलिस टीमों द्वारा पिछले 24 घंटे के अंदर 42 लाख 12 हजार 100 रुपए की रकम जब्त की है। चेकिंग के दौरान रतनाराम के कब्जे से 10 लाख 17 हजार 500, चौहटन चौराहे पर किशन सिंह के कब्जे से 15 लाख 42 हजार 60, मनोहर सिंह के पास 3 लाख 92 हजार, भगाराम के पास 2 लाख 93 हजार, कानाराम के पास से 1 लाख 50 हजार व मन्नू गोस्वामी के कब्जे से 2 लाख 20 हजार रुपए की नकदी जब्त की गई।

एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज

दो नाइजीरियन महिला पर्यटकों को पकड़ा, 65 ग्राम MD ड्रग जब्त

■ अन्तरराष्ट्रीय स्तर के तस्करों से साठगांठ की जांच

बेधड़क | अजमेर

पुष्कर पुलिस ने शुक्रवार रात गश्त के दौरान दो विदेशी महिला पर्यटकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 65 ग्राम एमडी ड्रग बरामद हुई है। गिरफ्तार की गई महिला में एक का नाम एडेज जॉय नवाचुकवा और दूसरी का नाम इगनटियस सक्सेस चिमाको बताया जा रहा है।

पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में मादक पदार्थों और हथियारों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुष्कर सीआई राकेश यादव ने रात्रिकालीन गश्त के दौरान दो विदेशी महिलाओं को 65 ग्राम एमडी के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों महिलाएं नाइजीरिया की रहने वालीं हैं। सीआई राकेश यादव ने बताया कि गश्त के दौरान गुरुद्वारा के पीछे से पैदल जा रही दो विदेशी महिला पर्यटकों की गतिविधियों पर शक होने पर उनको रोका गया। इनकी तलाशी लेने पर उनके पास से 65 ग्राम एमडी ड्रक बरामद की गई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही साफ हो पाएगा कि इन विदेशी महिला तस्करों के तार किससे जुड़े हुए हैं।

मासलपुर के गांवों का बसपा प्रत्याशी रविन्द्र मीना ने किया दौरा

सिद्ध बाबा के दर पर मत्था टेक कर की करौली के लिए खुशहाली की कामना

बेधड़क | मासलपुर

बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी एडवोकेट रविन्द्र मीना ने शनिवार को मासलपुर क्षेत्र के करीब बीस गांवों का दौरा किया। इस दौरान मीना ने मासलपुर की जमूरा ग्राम पंचायत क्षेत्र के सिद्ध बाबा मंदिर में मत्था टेक कर करौली की खुशहली के लिए मनौती मांगी।

बसपा के जिलाध्यक्ष जमुना लाल जाटव ने बताया कि मासलपुर क्षेत्र में बसपा प्रत्याशी मीना ने 20 गांवों के पंच-पटेलों को साथ लेकर भोजपुर, सीगनपुर, गढ़ मंडोरा, चीलपुरा, सिद्ध बाबा का मंदिर, झज्जरपुरा, टिमकौली, कोडिया का पुरा, नयापुरा, बरगिन का बेड़ा, ऊमरी, आलमपुर सहित 20 गांवों का दौरा किया। गांव और ढाणियों में रविन्द्र मीना और उनके साथ मौजूद पटेलों का ग्रामीणों ने माला और साफा पहनाकर स्वागत किया।

इस दौरान बसपा प्रत्याशी मीना ने कहा कि मासलपुर क्षेत्र विकास में अत्यंत पिछड़ा हुआ है। यहां के गांवों में विकास की अत्यंत आवश्यकता है। कई गांवों में तो अभी तक भी बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मासलपुर के लोगों को क्षेत्र के विकास के लिए योग्य युवा और उच्च शिक्षित उम्मीदवार को समर्थन देकर विधानसभा में भेजना चाहिए, ताकि क्षेत्र का समुचित विकास हो सके।

बसपा प्रत्याशी मीना का गांव भोजपुर में रामराज गुर्जर, हरिओम गुर्जर, हेमराज गुर्जर, बीरबल गुर्जर, गांव सीगनपुर से ब्रह्मसिंह पटेल आदि ने स्वागत किया।

रामरिछपाल दास महाराज के सानिध्य में आयोजन आज से

108 कुंडीय सीताराम महायज्ञ के लिए रोशनी से सजा त्रिवेणी धाम

बेधड़क | शाहपुरा

त्रिवेणी धाम मे रविवार से खोजीद्वाराचार्य संत रामरिछपाल दास महाराज के सानिध्य 108 कुंडीय श्रीसीताराम महायज्ञ का शुभारंभ होगा। यज्ञाचार्य पं दिनेश त्रिवेदी के आर्चायत्व में यज्ञ की धार्मिक क्रियाएं होंगी।

महायज्ञ को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, वहीं त्रिवेणी धाम को दुल्हन की तरह सजाया गया है। त्रिवेणी नदी से 251 विद्वान संत रामरिछपाल दास महाराज सें सुबह 7.15 बजे कलश यात्रा की पूजा-अर्चना कराएंगे।

इसके बाद कलश यात्रा यहां से रवाना होकर गाजे-बाजे के साथ आयोजन स्थल पहुंचेगी। महायज्ञ के शुभारंभ में कई साधु-संतो सहित लाखो श्रद्धालु भी हिस्सा लेंगे। महायज्ञ के लिए त्रिवेणी धाम को दुल्हन की तरह रंगीन रोशनी से सजाया गया है। आस-पास के गांवों के सैकड़ों भक्त मंडप व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, भण्ड़ारा व भोजन, चिकित्सा, बिजली एवं प्रधान कार्यालय की व्यवस्थाएं संभालेंगे।

इसके लिए अगल-अलग कमेटियां बनाई गई हैं। महायज्ञ के दौरान मंदिर मे त्रिवेणी धाम पुलिस चौकी प्रभारी जयराम मीणा के नेतृत्व मे पुलिस कर्मियों को महायज्ञ की व्यवस्थाओं मे लगाया है। इसका शाहपुरा पुलिस उपाधीक्षक व थानाप्रभारी ने जायजा लेकर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

सांसद सुमेधानंद ने साधा निशाना

कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को ही सीएम पर विश्वास नहीं

बेधड़क | सीकर

सीकर सांसद सुमेधानंद ने कहा है कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को ही मुख्यमंत्री गहलोत पर विश्वास नहीं है तो आम जनता कैसे उन पर विश्वास करेंगी। मुख्यमंत्री गारंटियां दे रहे हैं, जबकि कांग्रेस के शीघ्र नेताओं को भी इन गारंटियों पर विश्वास नहीं है। शनिवार को सांसद सुमेधानंद सीकर में मीडिया से मुखातिब हो रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हाल ही में जब प्रियंका गांधी झुंझुनूं आईं तो उसके पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट किया कि प्रियंका गांधी बड़ी घोषणा करेंगी, लेकिन प्रियंका गांधी ने घोषणा करने से मना कर दिया। ऐसे में सीएम

गहलोत को खुद ही घोषणा करनी पड़ी। मुख्यमंत्री पर प्रियंका गांधी को ही विश्वास नहीं है।

एक-दूसरे पर विश्वास के अभाव में प्रियंका गांधी ने घोषणा नहीं की। जब पार्टी के शीर्ष नेताओं को ही अपने मुख्यमंत्री पर विश्वास नहीं है तो जनता का कैसे होगा। हाल ही में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गारंटी दी कि परिवार की महिला मुखिया को 10 हजार रुपए पेंशन दी जाएगी, लेकिन उस महिला मुखिया की परिभाषा नहीं बताई। गोशाला और नंदीशाला बनाने की बात थी वह भी नहीं बनी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के घर हुई ईडी की कार्रवाई पर सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने कहा है कि जिन्होंने पाप किया है वे लोग जेल जाएंगे।

राजस्थान में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट: सांसद विजयपाल सिंह

राज्यसभा सांसद विजयपाल सिंह तोमर ने कहा कि राजस्थान में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। यहां महिलाओं की आबरू सुरक्षित नहीं है। पहले हम पर आरोप लगता था कि मंदिर वहीं बनाएंगे, लेकिन तिथि नहीं बताएंगे। आज मंदिर बन रहा है और तिथि भी बता दी है। तोमर ने कहा कि आज यदि आतंकवादी भारत में घुसता है तो सीधा ऊपर जाता है। जबकि पहले आतंकवादी आते थे तो घटनाएं होती थीं। केंद्र में भाजपा के आने के बाद दुश्मनों को 100 किलोमीटर अंदर जाकर मारने का काम किया है।

ईडी का डर नहीं तो बौखलाहट क्यों? CM इन एजेंसियों की तुलना कुत्तों से कर रहे

राज्यसभा सांसद विजयपाल सिंह तोमर ने कहा कि जब भी कोई एजेंसी राजस्थान आती है तो कांग्रेस कहती है कि चुनाव में ही यह एजेंसी क्यों आती है। जबकि ईडी तो पहले से ही अपना काम कर रही है। राहुल गांधी और सोनिया गांधी को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया जो फिलहाल जमानत पर हैं। सांसद ने कहा कि एक तरफ तो पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा कहर रहे हैं कि जांच होनी चाहिए और मैं दोषी हूं तो सजा मिलनी चाहिए तो फिर ईडी की कार्रवाई पर बौखलाहट क्यों। मुख्यमंत्री तो इन एजेंसियों की तुलना कुत्तों से कर रहे हैं। हमें पता नहीं था कि ऐसे अशोभनीय और असंसदीय शब्द सीएम के मुंह से निकलेंगे।

विधान मंडल में श्रद्धालुओं ने की शांतिनाथ की पूजा

बेधड़क | टोंक

श्रीशांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र सांखना में 450वा वार्षिक उत्सव एवं दो दिवसीय वार्षिक मेले में शनिवार को विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रकाश सोनी एवं मंत्री प्यारचंद जैन ने बताया कि सुबह भगवान शांतिनाथ का अभिषेक कर स्वर्ण एवं रजत कलशों से शांति धारा की गई। दोपहर में शांति मंडल विधान की पूजा हुई।

इसमें सर्वप्रथम भगवान शान्तिनाथ के समक्ष दीप प्रज्वलन कर विधान की क्रियाएं की गई। जिसमें मंडप शुद्धि, आचार्य निमंत्रण, सकली करण, मंगल कलश स्थापना हुई। पंडित मनोज शास्त्री एवं अंकित शास्त्री

के सानिध्य में विधान की पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने सामूहिक विधान में 128 अर्घ्य अर्पित किए। इस अवसर पर क्षेत्रपाल बाबा की आकर्षक झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा कर भगवान शांतिनाथ एवं क्षेत्रपाल बाबा की नृत्य करते हुए पूजा-अर्चना की।

इसके बाद 108 दीपकों से भगवान की आरती की गई। शान्तिनाथ जैन गुरुकुल के बालकों ने आरती गायन किया।

जरूरी खबर

स्ट्रोक जागरूकता के लिए 'शैल्बी हैल्थॉन' आज

जयपुर। स्ट्रोक के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विश्व स्ट्रोक दिवस पर 29 अक्टूबर को सुबह 6 बजे शैल्बी हॉस्पिटल, वैशाली नगर पर एक जागरूकता मैराथॉन का आयोजन किया जाएगा। 5 किमी और 10 किमी की इस मैराथॉन में रजिस्ट्रेशन फ्री रखा गया है। 25 अक्टुबर 2023 को शैल्बी हॉस्पिटल, जयपुर परिसर में इस मैराथान 'शैल्बी हैल्थॉन' के पोस्टर का विमोचन शैल्बी डिपार्टमेंट ऑफ न्यूरो साईंसेज के विशेषज्ञों द्वारा किया गया। साथ ही कार्यक्रम में शैल्बी द्वारा कोड 'ओरेंज' भी लांच किया गया, यह एक स्पेशल कोड है जो कि मुख्यतः स्ट्रोक इमरजेंसी पेशेंट् हेतु तुरंत मेडिकल प्रोसेस के लिए एक्टिवेट हो जाता है। इस अवसर पर शैल्बी हॉस्पिटल के सीएओ अंकित पारीक एवं डीप्टी सीएओ विशाल शर्मा भी मौजूत थे।

रेजिडेंट महिला डॉक्टर ने की आत्महत्या

जयपुर। राजधानी के कांवटिया हॉस्पिटल की एक महिला रेजिडेंट डॉक्टर ने हॉस्पिटल में ही बेहोशी का इंजेक्शन लगा कर आत्महत्या कर ली। डॉक्टर को सवाई मान सिंह हॉस्पिटल में शनिवार को मौत हो गई। पुलिस के अनुसार युवती डिप्रेशन में थी और कुछ दिन पहले उसे मनोरोग विशेषज्ञ को भी दिखाया गया था। उसने आत्महत्या के लिए इंजेक्शन क्यों लगाया, इसके बारे में अभी कुछ पता नहीं चला है। डेड बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। पुलिस ने बताया कि डॉक्टर का नंबर एसएमएस मेडिकल कॉलेज के पीडियाट्रिक डिपार्टमेंट में हुआ था। एडमिशन के बाद 15 दिन छुट्टी चली गई थी। दो दिन पहले वापस आने के बाद डॉक्टर की नई पोस्टिंग कांवटिया अस्पताल में की गई थी। रेजिडेंट डॉक्टर उत्तर प्रदेश की रहने वाली थी।

नहीं बंटी औषधियुक्त खीर, भक्तों ने आधी रात में लगाई गोविंद के दरबार में धोक

बादलों की ओट में ही छिपा रहा चांद, जयपुर में नहीं दिखा ग्रहण

बेधड़क | जयपुर

शरद पूर्णिमा पर मध्यरात्रि बाद चंद्र ग्रहण हुआ। साल का यह अंतिम चंद्र ग्रहण शहरवासी नहीं देख पाए। चांद पूरे समय बादलों की ओट में ही छिपा रहा। वहीं, ग्रहण से पड़ने वाले प्रभाव के बीच लोग भजन-जाप में लीन रहे। इस अवसर पर शहर के आराध्य गोविन्द देव जी मंदिर में ठाकुर जी के दर्शनों की विशेष व्यवस्था भी की गई। अन्य मंदिरों में भगवान के पट बंद रहे, मंदिर मंहतों ने ग्रहण के अवसर पर जाप किए। वहीं, मंदिरों में शरद पूर्णिमा के अवसर बंटने वाली औषधि खीर का वितरण नहीं किया गया।

मेष राशि के लोगों ने कराई विशेष पूजा

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार चंद्र ग्रहण मेष राशि में घटित होने से मेष राशि वालों पर ज्यादा प्रभाव रहा। इसके कारण शनिवार सुबह से ही मेष राशि वाले लोग मंदिरों में पूजन कार्यों और दान पुण्य में व्यस्त रहे। ज्योतिषाचार्य पंडित युगल किशोर शास्त्री ने बताया कि वैसे तो चंद्र ग्रहण का सभी राशियों पर प्रभाव पड रहा है, लेकिन मेष राशि के लोगों पर इसका ज्यादा और नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस कारण इस राशि के लोगों को विशेष पूजन-जाप कराया गया।

हजारों श्रद्धालुओं ने किया स्नान

उत्तर भारत की प्रमुख वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि गलता जी में गलतपीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य जी महाराज के सान्निध्य शरद पूर्णिमा मनाई गई। गलता पीठ के युवराज स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि गलता पीठ में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आवागमन रहा और यह क्रम दिनभर चला। हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान किया उसके बाद ठाकुर जी के दर्शन किए। लोगों ने गलता पीठ में अन्नक्षेत्र में प्रसादी ग्रहण की और गायों को चारा खिलाया एवं दान-पुण्य किया।

ठाकुर जी के दर्शनों के लिए उमड़े भक्त

चंद्र ग्रहण के कारण गोविंद देव जी मंदिर में ठाकुर जी के दर्शनों के लिए मध्यरात्रि बाद भक्तों की भीड़ उमड़ पडी। जहां एक ओर शहर के मंदिरों में सूतक लगने के साथ ही पट बंद हो गए, वहीं दूसरी ओर गोविंददेव जी मंदिर में भगवान के दर्शनों के लिए विशेष झांकी सजाई गई। लोगों ने ग्रहण के दौरान ठाकुरजी के विशेष दर्शन मध्यरात्रि बाद किए। इस दौरान लोगों ने हरिनाम संकीर्तन किया। मंदिर प्रशासन ने दर्शनार्थियों को मंदिर में ग्रहण शुरू होने से पहले प्रवेश करा दिया और ग्रहण शुद्धि के बाद ही बाहर जाने दिया।

गणपति प्लाजा: लॉकर्स पर सर्वे की कार्रवाई 15वें दिन भी जारी

लॉकर में मिला 2.78 करोड़ का सोना, कहां से आया पता नहीं!

बेधड़क | जयपुर

गणपति प्लाजा के निजी वॉल्ट के लॉकर्स में छिपे धन को लेकर 14 अक्टूबर को शुरू हुई आयकर सर्वे की कार्रवाई 15वें दिन भी जारी रही। आयकर अधिकारियों ने शनिवार को करीब आधा दर्जन और लॉकर्स को खोला और इनमें से एक लॉकर से करीब 2.78 करोड़ रुपए मूल्य का 4489.5 ग्राम सोना व आभूषण आदि मिले।

जानकारी के अनुसार यह आभूषण जयपुर के एक कारोबारी के हैं, जो उसने निजी बचत से एकत्र किए थे, लेकिन इसकी खरीद के बारे में लॉकर धारक संतोषजनक जवाब और दस्तावेज पेश नहीं कर पाया तो इन्हें जब्त कर लिया गया। इसके अलावा अन्य लॉकर्स में मिली वस्तुएं निजी उपयोग की होने के कारण अधिकारियों ने इन्हें जब्त नहीं किया और विवरण रिकॉर्ड में लेकर लॉकर धारकों को छोड़ दिया। विभागीय अधिकारी अब तक यहां से 5.89 करोड़ से अधिक नकदी व 8622.5 ग्राम सोना व आभूषण जब्त कर चुके हैं। आयकर सर्वे की कार्रवाई यहां फिलहाल जारी है।

लॉकर संचालन पर रोक नहीं

सूत्रों का कहना है कि गणपति प्लाजा स्थित निजी लॉकर कम्पनी के लॉकर्स से लगातार निकल रही नकदी और सोने के कारण विभाग का शेष बचे अन्य लॉकर्स पर भी शक गहरा रहा है। संभावना है विभाग सर्वे कार्रवाई के बाद अब तक नहीं खोले गए सभी लॉकर धारकों को जांच कराने के संबंध में नोटिस जारी कर सकता है। आयकर अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि गणपति प्लाजा स्थित निजी लॉकर संचालक, रोयरा सेफ्टी वॉल्ट के लॉकर्स में जारी आयकर सर्वे के बावजूद यहां लॉकर मालिकों के लॉकर संचालन पर कोई रोक नहीं है, लेकिन फिर भी सीमित संख्या में ही लॉकर मालिक यहां लॉकर खोलने आ रहे हैं।

50 लॉकर धारकों को नोटिस

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संदिग्ध समझे जाने वाले लॉकर धारकों में अब भी कई ऐसे लॉकर धारक है, जो आयकर नोटिसों की अनदेखी कर रहे हैं, लेकिन इस अनदेखी के कारण विभाग का शक और गहरा रहा है। विभाग ने शनिवार को कुछ और संदिग्ध लॉकर धारकों को चिन्हित किया और करीब 50 लॉकर धारकों को नोटिस भी भेजा। उधर, कुछ कथित संदिग्ध लॉकर धारकों के विभाग से लॉकर खोलने और इसकी जांच को लेकर अब भी असहयोग कर रहे हैं, जिससे आयकर अधिकारी इस मामले में अब आयकर कानून के अनुसार कार्रवाई की तैयारी करने लगे हैं। अधिकारियों का कहना है कि लॉकर धारकों को दी गई तय समय सीमा निकलने के बाद विभाग लॉकर्स को फ्रीज करेगा और लॉकर धारक सर्वे कार्रवाई समाप्त होने के बाद भी बिना आयकर विभाग की अनुमति के इन लॉकर्स को खोल नहीं सकेंगे।

सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित राजस्थान

65 हजार स्कूलों में बच्चों ने सीखा 'गुड टच बैड टच' का पाठ

बेधड़क | जयपुर

नो बैग डे के तहत प्रदेश के 65 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में शिवर को एक साथ 'गुड टच बैड टच' का पाठ पठाया गया। बच्चों में 'असुरक्षित स्पर्श' के प्रति जागरूकता से समाज में 'चाइल्ड अब्यूज' की घटनाओं पर लगाम कसने के लिए 'सुरक्षित स्कूल सुरक्षित राजस्थान' अभियान का यह दूसरा चरण था।

सरकारी स्कूलों में इस अभियान के लिए विशेष प्रशिक्षण प्राप्त टीचर्स द्वारा बच्चों को 'बैड टच' का मुकाबला करते हुए खुद को सुरक्षित रखने के लिए 'नो-गो-टेल' की थ्योरी बताई गई। जयपुर में स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने निजी स्कूलों के बच्चों में भी 'असुरक्षित स्पर्श' की अवेयरनेस क्रिएट करने के लिए प्रताप नगर स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में आयोजित विशेष सत्रों में विद्यार्थियों को प्रेजेंटेशन और स्टोरीज के माध्यम से 'बैड टच' की पहचान के तरीके समझाए। शासन सचिव ने 'टीमस्पर्श' के सदस्यों के साथ स्पेशल सेशन में बताया कि किस प्रकार सजग और सावधान रहते हुए बुरी नजर और गलत नीयत वाले लोगों के इरादों को छकाया जा सकता है। उन्होंने प्रेजेंटेशन के दौरान बच्चों से सीधा और सतत संवाद करते हुए बताया कि टच किस इमोशन के साथ किया जा रहा है। इसकी पहचान 'सिक्स्थ सेंस' का इस्तेमाल करते हुए की जा सकती है। उन्होंने बैड टच की स्थिति में चिल्लाते हुए 'नो' बोलकर सावधानी के साथ दूर भागने (गो) और इसके बारे में बिना किसी डर या घबराहट के किसी बड़े या जिस पर उनको सबसे ज्यादा भरोसा हो, को इसके बारे में बताने (टैल) की 'नो-गो-टैल की थ्योरी की बारीकियां सिखाई।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

पुलिस आयुक्त पहुंचे कलेक्टर कार्यालय

नामांकन प्रक्रिया की व्यवस्थाएं देखीं

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनावों को देखते हुए पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसेफ ने शनिवार को जिला कलेक्टर कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नामांकन प्रक्रिया के लिए बनाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। पुलिस आयुक्त ने कलेक्ट्रेट तैनात अधिकारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों के लिए रूट का निरीक्षण भी किया। वहीं, जुलुस के साथ आने वाले प्रत्याशियों के कारण सड़क पर लगने वाले जाम के लिए विशेष व्यवस्था के निर्देश दिए। इस अवसर पुलिस आयुक्त ने जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार बनाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। नामांकन भरने वाले प्रत्याशियों को किस गेट से प्रवेश दिया जाएगा। गाडी की पार्किंग, समर्थकों को कहां तक प्रवेश देना है। इन सभी को लेकर अधिकारियों से चर्चा की।

जाट महासभा ने किया PCC चीफ के घर ईडी की कार्रवाई का विरोध

जाटों को राजनीतिक भागीदारी दें पार्टियां

बेधड़क | जयपुर

ऑल राजस्थान जाट महासभा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर ईडी की कार्रवाई विरोध किया। इस अवसर पर ऑल राजस्थान जाट महासभा के संरक्षक एडवोकेट महेश मावलिया, अध्यक्ष कर्मवीर चौधरी, युवा प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप ढेवा, महिला प्रदेश अध्यक्ष अंकलेश जाखड़, डॉ. आशा लता फोगाट और मीडिया प्रभारी अनिल जाखड़ ने बताया कि आने वाले चुनाव में जाट समाज को कमजोर करने के लिए हमारे नेताओं पर जो कार्यवाही की जा रही है, उसको जाट समाज बर्दाश्त नहीं करेगा।

इस अवसर पर ऑल राजस्थान जाट महासभा ने चुनावों में भी सभी राजनीतिक पार्टियों के द्वारा जाट समाज को आधिकारिक भागीदारी दिए जाने की मांग रखी। कार्यक्रम में ऑल राजस्थान जाट महासभा की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर महासभा ने पांच प्रस्ताव भी पारित किए, जिसमें ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना के रूप में क्रियान्वित करने और यथाशीघ्र पूरा करने, फल-सब्जी को लेकर आरसीडीएफ की तर्ज पर फेडरेशन का गठन, महिला आरक्षण में ओबीसी की सहभागिता सुनिश्चित करने, चुनावों में महिला आरक्षण दिए जाने, ओबीसी का आरक्षण 35% किए जाने और चुनाव में जाट समाज को संख्या के अनुपात में टिकट दिए जाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

सीईआईआर पोर्टल में ब्लॉक कराकर ढूंढ सकेंगे चोरी हुआ फोन

चोर जैसे ही सिम डालेगा, मोबाइल 'मालिक' को भेज देगा अलर्ट

ओमप्रकाश शर्मा | बेधड़क

जयपुर। चोरी हुआ या फिर गुम हुआ मोबाइल ढूंढना पुलिस व पीड़ित के लिए अब आसान होगा। अब लोगों को बार-बार पुलिस थाने के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। खास बात है कि चोरी व गुम हुए मोबाइल का कोई उपयोग भी नहीं कर सकेगा और जब उस मोबाइल में कोई नया सिमकार्ड लगाकर चालू करेगा तो पीड़ित के पास अलर्ट आ जाएगा। इसके आधार पर फिर पुलिस पीड़ित के साथ मिलकर आरोपी तक पहुंच सकेगी। इसके लिए दूरसंचार विभाग ने सेंट्रल इक्विपमेंट आईडेंटिफिकेशन रजिस्ट्री (सीईआईआर) पोर्टल बनाया है। इस पोर्टल में चोरी हुए मोबाइल व गुम हुए मोबाइल की पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट अपलोड करने पड़ेगी। पोर्टल के ओपन करने पर एक फार्म अपलोड होगा। उस फार्म को भरकर सबमिट करने पर मोबाइल ब्लॉक कराना पड़ेगा। इससे मोबाइल का कोई दुरुपयोग नहीं कर सकेगा। अगर कोई इस मोबाइल पर नया सिमकार्ड डालकर एक्टिव करेगा तो पीड़ित के पास मोबाइल चालू हो जाने का अलर्ट मैसेज आ जाएगा। इसके बाद पीड़ित संबंधित थाने में पहुंचकर पुलिस को इसकी सूचना देगा। फिर पुलिस लॉकेशन के आधार पर आरोपी तक पहुंच कर मोबाइल बरामद कर सकेगी। परिवादी के पास आने वाले अलर्ट पर साइबर क्राइम के डीजी रवि प्रकाश महेरड़ा ने जिला एसपी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

पहले ब्लॉक कराना पड़ेगा, मिलने पर अनब्लॉक

पड़ताल में सामने आया कि मोबाइल चोरी या गुम होने पर पहले पीड़ित को पुलिस थाने या फिर पुलिस वेब पोर्टल पर ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करानी पड़ेगी। मोबाइल में लगी सिमकार्ड को ब्लॉक कराकर मोबाइल कंपनी से उसी नंबर की दूसरी सिमकार्ड लेकर उसको चालू करना पड़ेगा। इसके बाद सीईआईआर के होमपेज पर जाकर ब्लॉक स्टोलन व लॉस्ट मोबाइल का चयन करना पडेगा। इसके बाद एक फार्म ओपन होगा। उसमें मोबाइल ब्लॉक फार्म भरना पड़ेगा और मिसिंग रिपोर्ट की प्रति अपलोड करेंगे। इसके बाद मोबाइल का कोई उपयोग नहीं कर सकेगा। अगर कोई मोबाइल में दूसरा नया सिमकार्ड डालेगा तो पोर्टल के सोफ्टवेयर से पीड़ित के मोबाइल नंबर तत्काल अलर्ट मैसेज मिल जाएगा। मैसेज मिलने के बाद पीड़ित संबंधित थाने का सूचना देगा और पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। मोबाइल मिलने के बाद पीड़ित को फिर से सीईआईआर में होमपेज पर जाकर अनब्लॉक फाउंड मोबाइल का चयन करना पड़ेगा, ताकि मोबाइल फिर से एक्टिव हो सके।

हर साल 8 हजार से ज्यादा मोबाइल होते हैं चोरी

पुलिस के आंकड़ों की माने तो प्रदेश में प्रतिदिन औसतन मोबाइल छीनने की 5 से ज्यादा वारदाते और गुम होने के 15 के करीब प्रकरण सामने आते हैं। हर माह मोबाइल चोरी व गुम होने की करीब 600 से 700 वारदातें होती हैं। यानी हर साल करीब 8 हजार वारदातें होती हैं। पुलिस चोरी व गुम हुए मोबाइलों को ढूंढने में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाती है, क्योंकि थाना स्तर पर मोबाइल को ट्रेक करने के कोई संसाधन नहीं है। ऐसे में पुलिसकर्मी कोताही बरत लेते हैं और पीड़ितों को मोबाइल नहीं मिल पाते हैं।

> मोबाइल चोरी व गुम होने के रोज मामले सामने आते हैं। सीईआईआर पोर्टल से मोबाइल को ढूंढना आसान होगा। इससे लोगों को लाभ होगा और पुलिस को भी आरोपियों तक पहुंचने में आसानी होगी।
>
> **रवि प्रकाश मेहरड़ा,** डीजी, साइबर क्राइम।

सी-विजिल पर 9 हजार से अधिक शिकायतें

जयपुर। सी-विजिल एप पर आचार संहिता लगने के बाद से अब तक 9300 से अधिक शिकायतें मिल चुकी हैं। जबकि वर्ष 2018 में राजस्थान विधानसभा चुनाव आचार संहिता के दौरान सी-विजिल एप पर 4440 शिकायतें ही मिली थीं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इस बार मात्र 20 दिन में ही गत विधानसभा चुनाव के मुकाबले दोगुनी से अधिक आचार संहिता उल्लंघन की शिकायते सी-विजिल एप पर मिली हैं। उन्होंने बताया कि जयपुर और अलवर जिलों में सबसे अधिक क्रमशः 1426 और 1073 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। कार्रवाई योग्य पाई गई 2661 शिकायतों में से 88 प्रतिशत का निस्तारण तय समय सीमा यानी 100 मिनट के भीतर कर दिया गया।

पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक
सेवा के अधिकारी

शाश्वत सनातन

शिवालिक पर्वत की श्रृंखलाओं में स्थित शिवखोड़ी में कामधेनु थन से करती हैं शिव का अभिषेक

गुफा जहां 33 कोटि देवता करते हैं महादेव की स्तुति

जम्मू-कश्मीर के ऊधमपुर जिले में स्थित शिवखोड़ी गुफा भगवान शिव के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। यह गुफा शिवलिंग के साथ साथ चारों धामों के दर्शन प्रदान करती है। शिवलिंग के ऊपर कामधेनु अपने थन से बूंद-बूंद जल से शिवजी का अभिषेक करती हैं। महाशिवरात्रि के दिन यह जल दूध की तरह सफेद हो जाता है। गुफा में मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, और महाकाली की पिंडियां भी हैं, जिनके आधार में सदैव पवित्र जल भरा रहता है। इस गुफा से होकर पांडव स्वर्ग को गए थे। गुफा का दूसरा छोर अमरनाथ गुफा में खुलता है, जहां से एक रास्ता अमरनाथ जाता है।

शिवालिक पर्वत की श्रृंखलाओं में एक ऐसी प्राचीनतम गुफा है, जिसे भगवान शिव का घर कहा जाता है। इस गुफा में भगवान शिव के साथ साथ चारों धामों के दर्शन हो जाते हैं। इस गुफा की लंबाई 150 मीटर है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भस्मासुर नामक राक्षस को भगवान शिव ने यहीं भस्म किया था। शिवखोड़ी के नाम से प्रसिद्ध यह गुफा जम्मू से जम्मू से करीब 140 कि.मी. एवं कटरा से 85 कि.मी. दूर उधमपुर जिले में स्थित है। ऐसी मान्यता है कि यहां सुबह-शाम आरती के समय 33 कोटि देवी-देवता शिवजी की स्तुति करते हैं। शिवलिंग के ठीक ऊपर की शिला में कामधेनु गाय का आकार बना हुआ है, जिसका थन स्पष्ट दिखाई देता है, जिसमें से बूंद-बूंद जल शिवलिंग पर निरंतर गिरता रहता है। बताते हैं कि शिवरात्रि के दिन यह जल दूध की तरह सफेद हो जाता है। इसकी खोज आदि शंकराचार्य ने आठवीं सदी में की थी। यहां नागों के राजा के अवशेष मिले थे। इसमें प्रकृति-निर्मित शिवलिंग और अन्य दुर्लभ मूर्तिया और शैलचित्र भी विराजमान है। लोक श्रुतियों में कहा गया है कि सियालकोट के राजा सालवाहन ने शिव खोड़ी में शिवलिंग के दर्शन किए थे और इस क्षेत्र में कई मंदिर भी निर्माण करवाए थे, जो बाद में सालवाहन मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हुए। इस गुफा में दो कक्ष हैं। बाहरी कक्ष कुछ बड़ा है, लेकिन भीतरी कक्ष छोटा। बाहर वाले कक्ष से भीतरी कक्ष में जाने का रास्ता कुछ तंग और कम ऊंचाई वाला है जहां से झुक कर गुजरना पड़ता है। आगे चलकर यह रास्ता दो हिस्सों में बंट जाता है। इस गुफा का दूसरा छोर अमरनाथ गुफा में खुलता है।

रणसू से गुफा तक का पूरा रास्ता है आस्था से सराबोर

रनसू (रणसू) से शिवखोड़ी की गुफा करीब 3.5 कि.मी. दूर रह जाती है। यहां से पैदल या खच्चर के द्वारा आगे का रास्ता तय करना पड़ता है। रनसू से थोड़ा आगे चलने पर लोहे का एक छोटा सा पुल आता है, जो नदी पर बना हुआ है। महाशिवरात्रि के दिन इस नदी का जल स्वतः ही दूध के समान सफेद हो जाता है, इसलिए इस नदी को दूध गंगा कहते हैं। इसके आगे अंजनी कुंड आता है। इसके पास ही नंदी के पैरों के निशान हैं। ऐसी मान्यता है कि नंदी जी इस कुंड में पानी पीने आते थे। इसके एक किलोमीटर आगे 'लक्ष्मी-गणेश' का मंदिर आता है। यहां छोटी सी गुफा में प्राचीन लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति है। पवित्र गुफा के बाहर हवन कुंड है। गुफा के लिए लगभग 50-60 सीढ़ियां चढ़कर पहुंचना होता है। गुफा के बाईं ओर बाबा रमेशगिरि जी (मुख्य व्यवस्थापक) की कुटिया है, जहां अखंड ज्योति जलती रहती है।

इसी गुफा से होकर स्वर्ग गए थे पांडव

इनके पास ही बाईं शिला पर पांच पांडवों की पिंडियां हैं। इसी के पास एक सुरंग बनी हुई है, पौराणिक मत के अनुसार इसी गुफा से होकर पांडव स्वर्ग को गए थे। इसी परिसर में एक छोटा स्वयंभू शिवलिंग है, जिसके साथ ही भगवान शंकर लेटी हुई मुद्रा में नजर आते हैं और उनके ऊपर मां काली का चरण भी साफ दिखाई देता है।

एक गुफा जाती है अमरनाथ

यहीं से सामने देखने पर एक बड़ी गुफा दिखाई देती है। मान्यता है कि यहां से एक रास्ता अमरनाथ को जाता है। बहुत समय पहले इसीगुफा से होकर दो साधु अमरनाथ गए थे, जिनमें से एक तो छः महीने पश्चात अमरनाथ पहुंच गए, परंतु दूसरे साधु का कुछ भी पता नहीं लग पाया। अब यह गुफा सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दी गई है। मान्यता है कि यहां आकर जो भी मनोकामना मांगीं जाती है, वह जरूर पूरी होती है।

कहीं लेटकर तो कहीं बैठकर जाते हैं भीतर

गुफा का प्रवेश द्वार करीब 15 से 20 फुट चौड़ा है। गुफा में आगे बढ़ने पर तंग रास्ता है, जिस तरह वैष्णो देवी की प्राचीन गुफा है, उसी प्रकार कहीं लेटकर, कहीं तिरछे होकर, कहीं घुटनों के बल तो कहीं बैठकर जाना पड़ता है। थोड़ा आगे चलकर गुफा गहरी और चौड़ी हो जाती है, जहां आराम से यात्री खड़े हो सकते हैं। यहां से दाएं घूमकर पांच-छः सीढ़ियां चढ़कर भगवान शिव का स्थान है, जहं स्वयंभू शिव-शक्ति समाधि रूप में विराजमान हैं। माता पार्वती के सामने ऊपर की ओर कार्तिकेय एवं पंचमुखी गणेश विराज रहे हैं।

मां सरस्वती, लक्ष्मी और महाकाली की हैं पिंडियां

शिवलिंग के ऊपर बाईं तरफ, त्रिशूल, डमरू, विष्णु भगवान के शंख, चक्र एवं ॐ और कृष्ण भगवान के कालिया शेषनाग के चिह्न शिलाओं पर स्पष्ट नज़र आते हैं। गुफा के अंदर थोड़ा आगे बढ़ने पर मां सरस्वती, मां लक्ष्मी एवं महाकाली तीन पिण्डियों के रूप में विराजमान हैं। इनके आधार में सदैव पवित्र जल भरा रहता है। इस जल को श्रद्धा से भक्तगण अपने ऊपर छिड़कते हैं।

कविता

चकवै-चकवी री बात

गजानन्द शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

कै रे चकवा बात, कटै न रात
मुळकतो ई रैवसी
कै कोई बात कैवसी
चकवै रै आगी पांख, बात यूं
कैवण लाग्यो
टिकटां रो माच्यो है घमसाण
जात-कुळ-धन रो जोर चालै है
जुगत भिड्यां ई संवरै काज
बिना जुगत कुछ काम ना होवै
है जुगत रो खेल
जुगत सूं दाग छिप जावै
जै भिड़े सही जुगत
आशीष रावळा रो आवै।
2
देख, वादां की आ बेल
नाळ बढता ई जावैला
आवै जीत रो चैमासो
लाभ रा अमरफळ पावैला
मिले गैस सिलेंडर, केस खाते
में आवै
वादां की है जुगत, जुगत सूं
जादू चलावै
मिट जावै खींचाताण, रूसेड़ा
मुळकता आवै
जै मिल जावै वोट कुरसी की
जुगत बैठावे
3
बाड़ो तोड़ ईडी आएगी
ढूंढै घर-घर खोज
उजळा कपड़ां दाग छिपेड़ा
पग-पग दागां रा राजा भोज
छुपता देख्या दाग घणेरा
वोट रो ठप्पो लाग्यां
कुर्सी करावै मौज
वोट को ढिगरो लाग्यां

शब्दों की सीख

स्नेहपाश

सुनील कुमार महला
पटियाला, पंजाब

बरसों पहले रामलुभाया की धर्मपत्नी स्वर्ग सिधार गई थी। रामलुभाया जी बचपन से ही गांव की आबोहवा में अपनी जीवन यात्रा बसर कर रहे थे। बड़े बेटे विजय का विवाह एक शहरी पढ़ी लिखी लड़की निशा से हुआ था और उसे शहर की जिंदगी ही रास आती थी। गांव में वह हमेशा अकेलापन महसूस करती थी। इसलिए वह गांव में रहने की अनिच्छुक थी। फिर सास का न होना भी शायद उसे कहीं न कहीं कचोटता था।

रामलुभाया जी बेटे की शादी को लेकर आश्वस्त थे कि शादी के बाद बेटा बहू उनके साथ ही गांव में ही रहेंगे, लेकिन निशा गांव में रहने के सख्त खिलाफ थी। उसका मानना था कि गांव की भला कोई जिंदगी है? वह गांव की औरतों को पनघट से पानी की घड़े लाते हुए देखती थी तो कभी गोबर से सने हाथ, आंगन को अलसुबह से बुहारती औरतों को देखकर उसका मन खिन्न रहता था। न बिजली की ढंग की व्यवस्था और न ही खाना बनाने का कोई ढंग व सलीका। चूल्हे पर आंख फोड़ना उसके जेहन में गांव की जिंदगी के प्रति शायद सिहरन सी पैदा करता था। न टीवी, न मोबाइल, न पिज्जा, न बर्गर, न किट्टी पार्टी। गांव में वह मौज कहां जो कि शहर में है। निशा ने विजय से गांव छोड़कर शहर में मकान खरीदने की जिद की। स्वयं विजय गांव को छोड़कर कतई खुश नहीं था। मां के स्वर्ग सिधारने के बाद उसे अपने पिताजी रामलुभाया की बड़ी चिंता थी, लेकिन निशा की जिद ने उसे शहर में बसने के लिए मजबूर कर दिया था। फिर निशा की जिद के आगे एक दिन वे रामलुभाया को गांव में अकेला छोड़कर शहर में जा बसे। रामलुभाया ने बहू की ख्वाहिशों के लिए उन्हें शहर जाने से नहीं रोका। चौदह बरस हो गए थे निशा और विजय को गांव छोड़े। इस दौरान विजय दो बच्चों का बाप भी बन गया था। निशा व विजय ने पिछले चौदह बरसों से गांव का कभी रूख भी नहीं किया था। चौदह बरसों बाद एक दिन विजय व निशा शहर में मकान के बरामदे में बैठे चाय की चुस्कियां ले रहे थे। विजय के मन में यकायक गांव के खेत खलिहानों, वहां दाना चुगती चिड़ियाओं, ताश खेलते बुजुर्गों, कच्ची पक्की सड़कों पर सरपट दौड़ती खटारा बसों की यादें तैर आईं। विजय यकायक निशा से कहने लगा 'पिताजी पिछले चौदह बरसों से गांव में हैं। हमें पिताजी के बारे में भी सोचना चाहिए। आखिरकार उन्हीं की बदौलत तो आज हम सभी शहर में अच्छे मुकाम पर हैं। उन्होंने मुझे पढ़ाया लिखाया। काबिल बनाया। शादी की।' वह निशा से कहने लगा- 'जैसे-जैसे हम बड़े होते जाते हैं, हम अपने बुजुर्गों/माता पिता को मूर्ख समझने लगते हैं। आज हमारे बच्चे बड़े हो चुके हैं। हमारे बुद्धिमान बच्चे कल को हमें भी मूर्ख समझ सकते हैं। हमें छोड़ सकते हैं।' निशा विजय की बातों को बहुत ही ध्यानपूर्वक सुन रही थी। कुछ देर विजय की बातों पर चुप्पी साधे बैठी रही। उसने काफी चिंतन मनन किया। वह सोचने लगी- 'कल को बुढ़ापे के दिन सभी में आने हैं।

बच्चों का अपने मां-बाप के प्रति कुछ कर्तव्य होता है। क्या पिताजी को गांव में अकेले छोड़ देना ठीक है? नहीं न!' वह मन ही मन बुदबुदाने लगी। आज श्वसुर की हालत देखकर उसका मन भर आया था। उसने विजय से कहा- 'आप आज ही गांव जाइए और पिताजी को शहर ले आइए। पिताजी हमारे साथ रहेंगे तो हमारा भी मन लगा रहेगा और पिताजी को भी अकेलापन महसूस नहीं होगा।' विजय यकायक कुर्सी से उठा, कपड़े बदले और अपनी गाड़ी लेकर बच्चों अवनीश व स्नेहिल सहित गांव से पिताजी को शहर लाने के लिए निकल पड़ा। गांव में पिता रामलुभाया के पास पहुंचा तो पिताजी चिड़िया-कौओं को दाना डाल रहे थे। घर के पिछवाड़े में स्थित छोटी बगिया में पानी बह रहा था।

विजय को यकायक गांव गुवाड़ स्थित अपने घर में बच्चों सहित बरसों बाद देखकर रामलुभाया की बांछें खिल आई। तभी रामलुभाया के पड़ोसी हेतराम ने मंदिर की ओर टहलने जाने को लेकर रामलुभाया जी को आवाज लगाई। दरअसल, रामलुभाया रोजाना की भांति अपने परम मित्र और पड़ौसी हेतराम के साथ मंदिर जाना चाहते थे। रामलुभाया जी और हेतराम जी का यह रोज का रूटीन था, लेकिन अपने बेटे विजय के इशारे ने उनको असमंजस में डाल दिया कि वे अपने मित्र पड़ौसी के साथ मंदिर जाएं कि नहीं।

कभी वे अपने पुत्र की ओर तथा कभी अपने पड़ौसी की ओर उद्विग्न नजरों से देख रहे थे। दरअसल, विजय सोच रहा था कि बड़ी मुश्किल से वह समय निकालकर गांव में पिताजी को लेने आया है और यदि पिताजी पड़ौसी हेतराम के साथ मंदिर के निकल गए तो उसे गांव में एकाध दिन रुकना पड़ सकता है। वह सोच रहा था कि उसकी ऑफिस की छुट्टी भी नहीं है और उसकी पत्नी व बच्चे क्या सोचेंगे, क्योंकि उन्हें गांव की जिंदगी बिल्कुल भी पसंद नहीं थी। विजय के मन में यह सबकुछ चल ही रहा था कि इतने में ही विजय के पिताजी रामलुभाया ने बेमन से कहा- 'माफ करिएगा हेतराम जी! आज मंदिर न जा पाऊंगा, काफी समय बाद मेरा बेटा विजय मुझे गांव से लेने आया है। आज मैं उसके साथ कुछ दिनों के लिए शहर में उनके संग रहने जाऊंगा। शहर से लौटने के बाद हम दुबारा अपनी दिनचर्या वैसे ही शुरू करेंगे।' इतना सुनकर हेतराम ने हल्की मुस्कान भरी और रामलुभाया से कहा- 'चलिए कोई बात नहीं। आप जैसा उचित समझें करें, गांव में पड़ौसियों से तो रोज ही मिलना हो जाता है। शहर से बेटा आया है, बेटे से मिलना बहुत जरूरी है।' और पड़ोसी हेतराम ने अपनी राह ली।

हेतराम के साथ आज मंदिर न जाने का अंतर्द्वंद्व रामलुभाया के मन में चल रहा था और वे सोच रहे थे कि गांव की जिंदगी में कैसे उनके दिन अपने साथियों, गांव की आबोहवा, खेत-खलिहान, वो हर दिन चिड़ियों को क्यारियों में उनके द्वारा दाना डालना, उनके साथ मन ही मन बतियाना के बीच कट रहे थे। रामलुभाया पुत्र के स्नेहपाश में जरूर बंधे थे, लेकिन शहर की जिंदगी उन्हें कभी रास नहीं आई थी। बेटे विजय का मन रखने के लिए रामलुभाया अपने कपड़ों को पैक करने लगे, लेकिन कपड़े पैक करते-करते उनके मन और आत्मा में शहर की ऊंची-ऊंची अट्टालिकाओं, ट्रैफिक व प्रदूषण से सरोबार शहर के वातावरण, तंग गलियों, घने शोरगुल, सीवरेज से बहते गंदे पानी, आपाधापी व दौड़-धूप भरी जिंदगी के दृश्य तैरने लगे थे। रामलुभाया के मन में शहर की जिंदगी के आर्टिफिशियल गुलदस्ते, टीवी, फ्रिज, हीटर, एयरकंडीशनर, सीवरेज, शोर-शराबा, हो-हल्ला की अजीब सी जिंदगी जैसे तैरने लगी थी, जहां अपनों के बीच गांव की जिंदगी से बिल्कुल परे और दूर शायद उन्हें शहर की चहारदीवारी ही नजर आ रही थी।

विजय अपने पिताजी रामलुभाया को देखकर मन ही मन खुश था कि पिताजी अब उनके साथ शहर में रहने के लिए अवनीश और स्नेहिल संग जा रहे हैं। रामलुभाया ने अपने पुत्र विजय की खुशियों के खातिर आज अपने गांव को छोड़ दिया था और अब उनकी गाड़ी लगातार शहर की ओर तेजी से दौड़ती चली जा रही थी। रामलुभाया गाड़ी में जरूर बैठे थे, लेकिन उनका मन, उनकी आत्मा कहीं न कहीं अब भी गांव के घर-आंगन, घर की दहलीज, खेत-खलिहान, क्यारियों में दाना चुगती चिड़ियाओं, मंदिर, पड़ौसी हेतराम संग टहलते-टहलते हताई (आपस में बातचीत कर मन हल्का करना) में यत्र-तत्र डोल रही थी। पुत्र के स्नेहपाश में रामलुभाया का गांव का स्नेहपाश कुछ दिनों के लिए शायद छूट चुका था।

चुनावी पोळ

तगड़ी दौड़ चुनाव की,
है कुर्सी की होड़।
दलबदळ की जोत है,
और टिकट को झोड़।।
■ गजानन

सीधे फील्ड से कांग्रेस के प्रवक्ता रहे त्रिवेदी जोधपुर से रालोपा उम्मीदवार

रालोपा की पहली लिस्ट के बाद मारवाड़ में बढ़ी गहमागहमी

बेधड़क | जयपुर/जोधपुर

प्रदेश में चुनावी महौल रोजाना नए रंग दिखा रहा है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) की पहली लिस्ट जारी होने के बाद जोधपुर शहर में राजनीतिक गहमागहमी बढ़ गई है। रालोपा ने जोधपुर के अलावा भोपालगढ़ और बालोतरा जिले की बायतू सीट से भी उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। इनके अलावा आप और आजाद समाज पार्टी ने भी जोधपुर-पाली संभाग की कुछ सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है।

रालोपा ने भोपालगढ़ से एक बार फिर पुखराज गर्ग पर भरोसा जताया है। गर्ग वर्तमान में विधायक हैं। लेकिन इससे ज्यादा चर्चा जोधपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस पृष्ठभूमि के अजय त्रिवेदी को टिकट देने की रही। कांग्रेस के प्रवक्ता रह चुके त्रिवेदी अरसे से जोधपुर शहर सीट से दावेदारी कर रहे थे। लेकिन कांग्रेस ने यहां से विधायक मनीषा पंवार को टिकट दे दिया। इससे नाराज त्रिवेदी ने जोधपुर शहर सीट से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था। त्रिवेदी श्रीमाली ब्राह्मण हैं और जोधपुर शहर तथा सूरसागर क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की खासी संख्या है। लेकिन कांग्रेस ने ब्राह्मण को टिकट नहीं दिया। भाजपा ने अभी इस सीट से उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया है।



बगावत के बाद फूंक फूंक कदम रख रही भाजपा

जोधपुर जिले की आठ सीटों में से भाजपा ने अब तक सूरसागर से देवेंद्र जोशी और बिलाड़ा (सु) से अर्जुन गर्ग को टिकट दिया है। सबसे ज्यादा उलझन सरदारपुरा से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने उम्मीदवार को लेकर है। पार्टी केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत को मैदान में उतारती है या नहीं इसका फैसला शायद तीसरी लिस्ट में हो जिसको लेकर कोर कमेटी गहन मंथन कर रही है। पहली और दूसरी सूची जारी होने के बाद बगावत को देखते हुए भाजपा ने शेखावत के अलावा बाड़मेर-जैसलमेर सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री कैलाश चौधरी का नाम भी होल्ड पर रख दिया। पार्टी को अभी 76 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तय करने हैं। इनमें जोधपुर-पाली संभाग की 18 सीटें भी शामिल हैं। कहीं सशक्त उम्मीदवार नहीं मिल रहे तो कहीं दावेदारों की लंबी कतार है। दूसरी ओर जेएनवीयू के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रविन्द्रसिंह भाटी ने शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया। वे काफी समय से बाड़मेर जिले की शिव विधानसभा में सक्रिय हैं और टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। उनका कहना है कि भाजपा परिवार के सभी वरिष्ठों का मुझ पर आशीर्वाद है।

रोत इस बार बीएपी से मैदान में

भारत ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) से अलग होकर बनी भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) की पहली लिस्ट जारी कर दी गई है। इस बार चौरासी से विधायक राजकुमार रोत बीटीपी की जगह बीएपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। राजकुमार रोत 2018 विधानसभा चुनाव में बीटीपी से पहली बार जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। उनके साथ सागवाड़ा से रामप्रसाद डिंडोर भी विधायक बने थे, लेकिन प्रतापगढ़ उपचुनाव के बाद से बीटीपी के दोनों विधायक पार्टी से अलग चल रहे थे। दोनों विधायकों ने बीएपी नाम से नई पार्टी बनाई है।

बीएपी से राजकुमार रोत को तो टिकट मिल गया, लेकिन सागवाड़ा से विधायक रामप्रसाद डिंडोर के नाम का ऐलान पहली लिस्ट में नहीं हुआ है। वहीं, आसपुर विधानसभा सीट से पिछली बार बीटीपी से उम्मीदवार रहे उमेश डामोर को ही फिर से मौका दिया गया है। बीएपी ने सिरोही की पिंडवाड़ा सीट से मेघाराम गरासिया, उदयपुर जिले की खेरवाड़ा से विनोद कुमार मीणा, उदयपुर ग्रामीण से अमित कुमार खराड़ी, सलूंबर से जीतेश कुमार मीणा, बांसवाड़ा के घाटोल से अशोक कुमार निनामा, चित्तौड़गढ़ की बड़ी सादड़ी से फौजीलाल मीणा, प्रतापगढ़ से मांगीलाल मीणा और धरियावाद से थावरचंद मीणा को उम्मीदवार घोषित किया है।

बायतू से चौधरी और मूंढ को टक्कर देंगे बेनीवाल

रालोपा और आजाद समाज पार्टी के बीच गठबंधन के बाद जारी पहली लिस्ट में बायतू से उम्मेदाराम बेनीवाल का नाम भी शामिल है। बायतू से कांग्रेस के हरीश चौधरी और भाजपा से बालाराम मूंढ आमने-सामने हैं। अब देखना है कि बेनीवाल के आने से ऊंट किस करवट बैठता है। आप की पहली सूची में रोहित जोशी को जोधपुर शहर, नरपतसिंह को मारवाड़ जंक्शन, रामलाल विश्नोई को सांचौर से टिकट दिया है। सांचौर में मुख्य मुकाबला भाजपा के देवजी पटेल और कांग्रेस के सुखराम विश्नोई के बीच है। आजाद समाज पार्टी ने सिरोही से मोतीलाल हीरागर को उम्मीदवार बनाया है। यहां कांग्रेस के संयम लोढा के सामने भाजपा के ओटाराम देवासी हैं। बसपा ने पोकरण से तुलसा राम को टिकट दिया है। यहां से कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवार अब तक तय नहीं हुए हैं।

बिहाइंड द कर्टेन

खुशी मनाएं या गम, तनाव में हैं भाईसाहब!

हाथ वाली पार्टी के दफ्तर की दीवारें फांद कर फूल के पाले में आने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को जयपुर से जोधपुर तक दीवारें फांदी गईं। जयपुर की शहरी सरकार की पुरानी मुखिया और जोधपुर में कैंपस से निकले नेताजी का फूल के पाले में आना चर्चा में रहा। दोनों नेता ऐसी सीटों से जुड़े हैं जहां अभी किसी को उतारा नहीं गया है। अब इन दोनों के आने से पहले से ही टिकट की कतार में चल रहे भाईसाहबों का तनाव बढ़ गया है। अपनी फील्डिंग के बजाय अब कतार में लगे भाईसाहबों का ध्यान ये पता लगाने में डायवर्ट हो गया है कि ये नए भाईसाहब और बहिनजी क्या डील करके पार्टी में आए हैं। जयपुर में तो इन भाई साहबों के लिए एक ये ही मुसीबत खड़ी नहीं हुई है। दो-चार दिन पहले ही सांगानेर में हाथ के सिपहसालार रहे एक पुराने ब्राह्मण बंधु ने भी कमल का फूल थामा है। खास बात ये है कि आगमन के साथ ही शहर की दो-तीन सीटों से उनका नाम भी दावेदारों की लिस्ट में सरकाया जा रहा है। ऐसे में भाईसाहबों की हवाइयां उड़ना लाजमी है। सुनने में आ रहा है कि भाईसाहबों ने बड़े वालों को सख्त अल्टीमेटम दे दिया है कि अगर ऐसा-वैसा कुछ होता है तो ठीक नहीं होगा। खैर, ठीक होना ना होना तो आगे की बात है, पर अभी तो कुछ सीटें पार्टी के ही गले की फांस बनी हुई हैं। जितने दावेदार बढ़ रहे हैं, उतना ही इनको मैनेज करने का संकट भी बढ़ रहा है। बात करें, हाथ वाले भाइयों की तो वो अभी तक खुलकर मैदान में ही नहीं उतर पा रहे हैं। वजह है सामने का मैदान खाली होना। शहर की सीटों पर जब तक सामने कोई नहीं आ जाता तब तक हाथ पैर मारना मुश्किल है। ऐसे में जिनका तिलक होना है उनके जितना ही इंतजार विरोधी खेमे में भी किया जा रहा है।

■ **यायावर**

ई वॉर



Rajasthan PCC @INCRajasthan · 3h
"मोदी जी का लिफाफा.....खाली है"
लेकिन- राजस्थान में कांग्रेस की सरकार का लिफाफ़ा 7 गारंटी से भरा है।

7 गारंटी का प्रभाव, विकास के 7 द्वार, जो प्रदेश के निवासियों के जीवन में खुशहाली लाएंगे।

BJP Rajasthan @BJP4Rajasthan · 2h
कांग्रेस मतलब झूठ की गारंटी

झांसे में नहीं आना है, कांग्रेस को हटाना है।

पॉली टून



चिंता मत करो सारा माल मैंने मायके भेज दिया है

थड़ी पॉलीटिक्स

अभी तो एक-एक सीट भगवान है

इसलिए फूंक-फूंक कर रख रहे हैं कदम

स्थान छोटी चौपड़ **समय** दोपहर 4:00 बजे

जयपुर

कहने को मौसम धीरे-धीरे सर्द हो रहा है, लेकिन चुनावी माहौल के कारण सर्द मौसम में भी कई लोगों के पसीने छूट रहे हैं। सभी पार्टियां चुनावी शतरंज की बिसात पर अपने मोहरे सजा रही हैं। खेल अभी बाकी है पर खेल से पहले की मशक्कत भी कम मजेदार नहीं है। पार्टियों के दफ्तरों के साथ ही उम्मीदवारों के दफ्तर भी आबाद होने लगे हैं। नेताओं की इधर उधर 'उछलकूद' भी लगातार जारी है। अब इस चुनावी माहौल में शहर की गलियों में, सड़क किनारे या इधर-उधर चलने वाली थड़ियों पर जुटने वाली मंडलियों में चर्चा चुनाव से जुड़ी हुई ना हो, यह कैसे हो सकता है। इन चर्चाओं से आने वाले चुनाव का मिजाज जानने के लिए हम पहुंचे छोटी चौपड़ पर। यहां खंदे में चलने वाली चाय की थड़ियां लगातार लोगों से आबाद हैं। एक थड़ी पर खड़े होकर लोगों की चर्चा पर कान लगाए तो सुनने में आया-"भाई, अपने इलाके से तो बीजेपी वालों को कोई मिल ही नहीं रहा, कितने दिन हो गए अमीन भाई को कन्फर्म हुए, ये लोग तो किसी को सामने उतार ही नहीं रहे।" एक पार्टी की उलझन पर बात चली तो सामने वाले ने बात आगे बढ़ाई-"सारा गणित लगाकर ही उतारेंगे किसी को। यहां थोड़ा टेढ़ा मामला है। पिछली बार तो पकड़ थोड़ी कमजोर हो गई थी। इस बार रिस्क नहीं लेना चाहते ये लोग ऐसा लगता है।" चुनाव विश्लेषण के अंदाज में बात रखी गई तो सामने से भी कुछ ऐसे ही लहजे में बात आगे बढ़ी-"भाई लगता है आदमी तो फाइनल हो गया। अब तो बस सही मौके का इंतजार कर रहे हैं जब तुरत फुरत में उसके तिलक कर दें और दूसरों को विरोध का मौका ना मिले।" टिकट में देरी का नया एंगल निकाला गया था तो एक ओर से उसका समर्थन हुआ-" मुझे भी ऐसा ही लगता है भाई, अभी एक-एक सीट भगवान है, सब पर फूंक फूंक कर कदम रख रहे हैं। हो सकता है कोई नए ही नेताजी आएंगे सामने, पुरानों को तो कुछ मिलना मुश्किल लग रहा है।" बात तो गले उतरने वाली थी, सामने वाले के उतर भी गई, आवाज आई-" हां भाई, लगता तो ये ही है। लगता है किसी बड़े 'महाराज' को लाएंगे इस बार।" ठहाकों का दौर शुरू हो गया। थड़ी पर लोगों की आवा-जाही भी बढ़ गई। एक नए मेंबर की एंट्री इस नई सूचना के साथ हुई-"अरे भाइयों, लो नई खबर, पुरानी वाली मेयर मैडम भी आ गई। खेल तो चल रहा है कोई ना कोई। अब तो और मजा आने वाला है।" कुछ को इस खबर का पहले से अंदाजा था वे शांत रहे जिनको नहीं था उनका आश्चर्य से मुंह खुल गया।

पॉली क्लिक्स

ये चौमूं विधानसभा क्षेत्र के टाकरड़ा गांव की 90 वर्षीय मनफूली देवी हैं।इनके घर जब प्रशासनिक कर्मचारी घर बैठे वोट करने का आवेदन भरवाने आए तो इनका जवाब था "वोट तो मैं मशीन को बटण दबार ही द्यूंगी।" इस उम्र में मनफूली देवी का ये जज्बा भारतीय लोकतंत्र की मजबूती दिखाने के लिए काफी है।

चुनावी इतिहास के झरोखे से

प्रत्याशी तय करने परंपरा तोड़ संसदीय बोर्ड की बैठक में शामिल हुई थीं इंदिरा

■ ***गुलाब बत्रा,*** *वरिष्ठ पत्रकार*
gulabbatra@gmail.com

उत्तर प्रदेश विधानसभा के भावी चुनाव में कांग्रेस पार्टी की सफलता के उद्देश्य से भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में प्रत्याशी की जीत के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पार्टी की मान्य परम्पराओं की परवाह नहीं करते हुए एड़ी-चोटी का जोर लगाने से नहीं झिझकी। इस उपचुनाव की नींव भरतपुर जिले में तत्कालीन कांग्रेस की आपसी गुटबाजी और राजनैतिक परिस्थितियों पर टिकी थी। लोकसभा चुनाव जीत चुके पूर्व महाराजा ने 1972 में भरतपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का मानस बनाया। उनकी एक शर्त थी कि यदि कांग्रेस नेता नत्थीसिंह भरतपुर से चुनाव लड़ें तो वह अन्य क्षेत्र से चुनाव लड़ना चाहेंगे। तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री राजबहादुर के हस्तक्षेप से भरतपुर से मुकुट बिहारी लाल गोयल एवं नत्थी सिंह को कुम्हेर से चुनाव लड़वाया गया। वहीं कुम्हेर से निर्दलीय राजा मानसिंह ने नत्थी सिंह से चर्चा में कहा कि दोनों में कोई भी हारे एक जाट नेता तो खत्म होगा। बाबू राजबहादुर यही चाहते हैं। लेकिन नत्थीसिंह ने पार्टी के निर्देशानुसार चुनाव लड़ा और पराजित हुए। उधर पूर्व महाराजा बृजेन्द्र सिंह बतौर जनसंघ प्रत्याशी भरतपुर से चुनाव जीत गए लेकिन लगभग डेढ़ वर्ष पश्चात उन्होंने विधानसभा से त्यागपत्र दे दिया। तब उपचुनाव की नौबत आयी।

इस उपचुनाव का राजनैतिक महत्व था कि भरतपुर जिला उत्तर प्रदेश की सीमा से लगता है। उपचुनाव का परिणाम वहां की विधानसभा के भावी चुनाव को प्रभावित करेगा। इसलिए कांग्रेस हर हालत में यह उपचुनाव जीतना चाहती थी। लेकिन प्रत्याशी तय करने में दिल्ली एवं जयपुर में बैठे नेताओं की धड़ेबंदी खुलकर सामने आ गई।

तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री राजबहादुर नत्थी सिंह को टिकट का सही दावेदार मानते थे लेकिन उपमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया हरीसिंह के पक्षधर थे। राजबहादुर विरोधी तत्कालीन मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी इस मामले में पहाड़िया के साथ थे और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गिरधारी लाल व्यास भी उनके समर्थन में थे।

इंदिरा गांधी गुप्तचर तंत्र की सूचना के चलते नत्थीसिंह की जीत के प्रति आश्वस्त थी। इसलिए वह पार्टी की परम्परा तोड़कर संसदीय बोर्ड की बैठक में दो बार शामिल हुई तथा उत्तर प्रदेश की चुनावी राजनीति को प्रभावित करने के उद्देश्य से नत्थीसिंह को टिकट देने की बात कही। हालांकि उपचुनावों के लिए प्रत्याशी तय करने संबंधी संसदीय बोर्ड की बैठक में प्रधानमंत्री शामिल नहीं होते। संबंधित राज्य में

उपचुनाव में टिकट देने का फैसला मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर छोड़ा जाता है। इसलिए हरीसिंह को टिकट मिला। वर्ष 1962 में नत्थीसिंह को पराजित करने के लिए कांग्रेस पार्टी में उनके विरोधियों ने होतीलाल पाराशर को खड़ा किया था और वह मात्र छह वोट से विधानसभा चुनाव हार गए।

नत्थीसिंह को ऑफर किया था रोडवेज अध्यक्ष पद

एकतरफ उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत में इंदिरा गांधी की मंशा दूसरी ओर हरीसिंह से चुनाव हार चुके नत्थी सिंह के लिए चुनाव प्रचार में जुटने का धर्मसंकट था। राजबहादुर भी हरीसिंह की जीत के इच्छुक नहीं थे। लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार को वह अपना नैतिक दायित्व समझते थे। उधर इंदिरा भी परेशान थीं। अगली एक जनवरी को नत्थीसिंह ने उनके निवास पर इंदिरा को नव वर्ष की बधाई दी। बकौल नत्थीसिंह- इंदिरा ने यूपी चुनाव के सिलसिले में भरतपुर उपचुनाव को महत्व बताते हुए कहा कि आप सम्मान सहित इस चुनाव में कार्य करें और इसके लिए रोडवेज अध्यक्ष पद स्वीकार कर लें। नत्थीसिंह का जवाब था- मुझे किसी पद की इच्छा नहीं है, परंतु मेरी चिंता यह है कि हम खूब मन लगाकर काम करें और वे जीत गए तो हमे कोई यश नहीं देंगे और संयोगवश हार गए तो हार का पूरा ठीकरा हमारे सिर फोड़ेंगे। आज मैं जिस पद पर हूं उससे भी हटाकर दम लेंगे। तत्काल इंदिरा बोली कि मैं हूं,कोई बात हो तो फौरन मुझे इतला करो, कोई गड़बड़ी नहीं होने दूंगी।

हार के बाद हुई थी पद छीनने की कोशिश

भरतपुर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में राजबहादुर के खिलाफ वितरित पैम्फलेट पर नत्थीसिंह ने नाराजगी व्यक्त की और चुनावी जीत के लिए आपसी एकता पर बल दिया। इंदिरा को लिखे पत्र में इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी तथा मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सहयोगियों के भरतपुर में कैम्प के बावजूद हरीसिंह समाजवादी प्रत्याशी रामकिशन से पराजित हो गए। इससे नाराज होकर नत्थीसिंह को राजस्थान राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद से हटाया गया लेकिन इंदिरा के हस्तक्षेप से आदेश रद्द हो गया। उधर यूपी चुनाव की घोषणा हो गई।

छत्तीसगढ़
तेलंगाना
मध्य प्रदेश
मिजोरम

छत्तीसगढ़ की चुनाव परिक्रमा: राहुल गांधी का सरकारी स्कूल-कॉलेजों में मुफ्त शिक्षा का वादा, आदिवासी मतों को साधा

राज्य में तेंदू पत्ता संग्राहकों को प्रति वर्ष 4,000 रुपए देने की घोषणा

एजेंसी | भानुप्रतापपुर(छत्तीसगढ़)

छत्तीसगढ़ में नक्सली गतिविधियां प्रभावित बस्तर और दुर्ग संभाग की सीटों के लिए चुनाव अभियान तेज हो गया है। राज्य के इस अंचल में 7 नवंबर को प्रथम चरण में चुनाव होंगे। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस और सत्ता में वापसी के लिए जूझ रही भाजपा दोनों पार्टियों के नेता चुनाव प्रचार अभियान में जुटे हैं। शनिवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राज्य के कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से वादा किया कि राज्य में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने पर सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने आदिवासी बहुल बस्तर क्षेत्र के तहत आने वाले इस विधानसभा क्षेत्र के लोगों से वादा किया कि यदि राज्य में कांग्रेस की सरकार फिर से बनती है तो तेंदू पत्ता संग्राहकों को राजीव गांधी प्रोत्साहन योजना के तहत प्रतिवर्ष 4,000 रुपए दिए जाएंगे।

कुछ अरबपतियों के लिए काम करती है भाजपा

राहुल ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस गरीब, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग के लिए काम करती है, जबकि भाजपा कुछ अरबपतियों के लिए काम करती है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने जो भी वादे किए थे, उसे पूरा किया गया। पिछले चुनाव में हमने आपसे दो-तीन बड़े वादे किए थे। किसानों को उनकी मेहनत का सही प्रतिफल, कर्ज माफी, बिजली बिल आधा करना। उस दौरान जब हम आपसे वादे कर रहे थे, तब हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री और भाजपा के बड़े-बड़े नेता कह रहे थे कि वादे पूरे नहीं हो सकते। मैं खुशी से कहता हूं जिस काम को भाजपा ने कहा था कि नहीं किया जा सकता, उस काम को हमने दो घंटे में कर दिखाया।

केंद्र में कांग्रेस सत्ता में आई तो कराई जाएगी जातिगत जनगणना

इसके साथ ही राहुल ने वादा किया कि यदि केंद्र में कांग्रेस की सरकार आएगी, तब वह जाति आधारित गणना कराएगी और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सत्ता में बरकरार रहने पर जाति आधारित सर्वे कराया जाएगा। उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग के युवकों से अनुरोध किया कि वह केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री से पूछें कि नरेन्द्र मोदी जाति आधारित गणना से क्यों डरते हैं। राहुल ने सवाल किया कि केंद्र में कांग्रेस पार्टी नीत सरकार रहने के दौरान जाति आधारित गणना के जो आंकड़े एकत्र किये गए थे, उसे (मोदी सरकार) क्यों नहीं सामने ला रही।

वनवासी समुदाय शब्द पर आपत्ति

राहुल ने 'वनवासी' (आदिवासियों के लिए) शब्द पर आपत्ति जताई और कहा कि इसका इस्तेमाल भाजपा करती है, जो आदिवासियों का अपमान है और उनकी संस्कृति, इतिहास और भाषा पर हमला है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मिजोरम का दौरा रद्द

आइजोल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 30 अक्टूबर को चुनावी राज्य मिजोरम के ममित का प्रस्तावित दौरा रद्द कर दिया गया है। भाजपा की राज्य इकाई के मीडिया संयोजक जॉनी लालथनपुइया ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मोदी के स्थान पर मिजोरम का दौरा करेंगे, लेकिन उनके चुनाव प्रचार की तारीख अभी तय नहीं हुई है। लालथनपुइया ने हालांकि मोदी का दौरा रद्द किये जाने का कोई कारण नहीं बताया। लालथनपुइया ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के सोमवार को मिजोरम में प्रचार करने की संभावना है। मिजोरम में विधानसभा चुनाव के लिए सात नवंबर को मतदान होगा। उन्होंने कहा कि शाह ममित और राज्य के दक्षिणी हिस्से का दौरा करेंगे।

पहले चरण में 26 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण में किस्मत आजमा रहे 223 उम्मीदवारों में से 26 ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी। इनमें से 16 गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। उम्मीदवारों के खिलाफ जानबूझकर चोट पहुंचाने और धमकी देने जैसे मामले भी दर्ज हैं। छत्तीसगढ़ इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार, पहले चरण के 223 उम्मीदवारों में से 26 (12 फीसदी) उम्मीदवारों ने चुनाव आयोग को अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है।

मध्य प्रदेश में चुनावी सभाओं में तेज हुए सियासी वार-पलटवार

भोपाल। मध्य प्रदेश में शनिवार को विधानसभा चुनावों को लेकर जबर्दस्त सियासी घमासान रहा और भाजपा व कांग्रेस के नेताओं ने एक दूसरे पर प्रहार किया। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शनिवार को मध्य प्रदेश के दौरे पर थे। शाह ने छिंदवाड़ा में चुनाव सभा को संबोधित किय जबिक प्रियंका ने बुंदेलखंड के दमोह में सभा की।

वे विकास को नहीं समझेंगे: शाह

उद्योगपतियों के लिए काम: प्रियंका

एजेंसी | छिंदवाड़ा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाडा पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि एक भाई और बहन की जोड़ी जिनकी 'मूल स्थान इटली में है', नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास को नहीं समझ पाएंगे।

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव में एक जनसभा में शाह ने कहा कि भारत के लोग विकास को स्पष्ट रूप से समझ सकते हैं। उन्होंने अन्य उपलब्धियों के बीच राम मंदिर के निर्माण और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का भी उल्लेख किया। शाह ने आरोप लगाया कि जब दुनिया भारत की विकास गाथा की प्रशंसा कर रही है, तब कांग्रेस को देश में कोई सकारात्मकता नजर नहीं आ रही है। शाह ने कहा, भाई-बहन चुनाव वाले राज्यों में घूमते हुए पूछते रहते हैं कि भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र द्वारा क्या किया गया है, लेकिन वे इसे नहीं समझ पाएंगे क्योंकि उनका मूल स्थान इटली में है।

शाह ने कहा कि राहुल बाबा भाजपा पर मंदिर वहीं बनायेंगे पर तारीख नहीं बताएंगे कहकर तंज कसते थे। अब देखिए, मोदी जी ने न सिर्फ मंदिर बनाया बल्कि तारीख भी बता दी। राहुल जी बस वहां जाएं और संतुष्टि पाने के लिए आशीर्वाद मांगें। उन्होंने पिछले नौ वर्षों में आदिवासियों के उत्थान के लिए मोदी सरकार द्वारा किए गए कई कार्यों का भी जिक्र किया।

छिंदवाड़ा को मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का गढ़ माना जाता है। कमलनाथ मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में हैं।

एजेंसी | दमोह (मप्र)

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाडा ने शनिवार को भाजपा नीत केंद्र और राज्य सरकारों पर गरीबों, मध्यम वर्ग और किसानों के बजाय उद्योगपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाया। इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर जाति आधारित जनगणना की वकालत करते हुए कहा कि देश में ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों के लोगों की सही संख्या जानने के लिए यह कवायद जरूरी है ताकि उन्हें लाभ प्रदान करने के लिए तदनुसार नीतियां बनाई जा सकें।

प्रियंका मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र स्थित दमोह में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रही थीं। यह रैली कांग्रेस उम्मीदवार अजय टंडन के प्रचार के लिए आयोजित की गई थी। सत्तारूढ़ भाजपा ने इस सीट से पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया को मैदान में उतारा है। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को चुनाव होने हैं। प्रियंका ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र ने देश की संपत्ति कुछ बड़े उद्योगपतियों को दे दी है। प्रियंका ने कहा, जाति जनगणना का क्या मतलब है? हम जानना चाहते हैं कि देश में अन्य ओबीसी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों से कितने लोग हैं। अगर सरकार को उनकी सही संख्या नहीं पता तो वह उन्हें न्याय कैसे देगी?

लाडली बहना योजना पर किया सवाल

प्रियंका ने विधानसभा चुनाव से ठीक दो महीने पहले 'लाडली बहना योजना' शुरू करने के लिए राज्य सरकार की आलोचना की। उन्होंने सवाल किया, क्या आप उन्हें (महिलाओं को) मूर्ख मानते हैं और सोचते हैं कि वे इन चीजों को नहीं समझती हैं?

राकांपा प्रमुख शरद पवार का दावा

विपक्ष मिलकर लड़ेगा लोस चुनाव

एजेंसी | मुंबई

राकांपा के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को स्वीकार किया कि कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव संयुक्त रूप से लड़ने पर विपक्षी दलों में अलग-अलग राय है, लेकिन यह भी एक विचार है कि सभी को साथ मिलकर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए।

पवार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पांच राज्यों में अगामी विधानसभा चुनावों के रुझान से पता चलता है कि स्थिति विपक्ष के लिए अनुकूल है, लेकिन उनके पास यह टिप्पणी करने के लिए कोई प्रामाणिक जानकारी नहीं है कि राष्ट्रीय स्तर पर (सरकार में) क्या कोई बदलाव होगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा की केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पंजाब सहित ज्यादातर राज्यों में सरकार नहीं है। हमारे कुछ विचार हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि ऐसे राज्य हैं, जहां कांग्रेस एक महत्वपूर्ण पार्टी है, तो कुछ राज्यों में क्षेत्रीय दल भी हैं, जिसके चलते इन मुद्दों को बातचीत करके सुलझाया जाना चाहिए। हमारे सहयोगियों का निश्चित रूप से ऐसा विचार है कि हमें लोकसभा चुनावों के लिए एक साथ आना होगा। कुछ राज्यों के चुनावों में मुश्किलें हैं। लेकिन लोकसभा चुनावों के लिए, यह सोच है कि हमें साथ मिल कर काम करना चाहिए।'

सरकार को अस्थिर करने का आरोप

भाजपा का मंसूबा सफल नहीं होगा: सिद्धरमैया

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने भाजपा पर 'ऑपरेशन कमल' के जरिए उनकी सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि वे (भाजपा के नेता) अपने प्रयासों में सफल नहीं होंगे, क्योंकि कांग्रेस का कोई भी विधायक इसका शिकार नहीं बनेगा। 'ऑपरेशन कमल' भाजपा द्वारा अपनी सरकार बनाने और उसकी स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अन्य दलों के विधायकों को दलबदल कराने के कथित प्रयास को संदर्भित करता है।

मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पार्टी के मांड्या विधायक रविकुमार गौड़ा के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि 2019 में कांग्रेस-जनता दल (एस) गठबंधन सरकार को गिराने में संलिप्त एक टीम अब कांग्रेस विधायकों को दलबदल करने के लिए 50 करोड़ रुपए और मंत्री पद का प्रलोभन दे रही है।

नेशनल न्यूज

प्याज का निर्यात मूल्य 800 डॉलर तय

केंद्र 2 लाख टन प्याज की और करेगा खरीद

- आज से 31 दिसंबर तक आदेश प्रभावी

एजेंसी | नई दिल्ली

सरकार ने घरेलू बाजार में प्याज की उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए शनिवार को इस प्रमुख सब्जी के निर्यात पर 31 दिसंबर तक 800 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य तय कर दिया। यह फैसला 29 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेगा। इसके अलावा, सरकार ने बफर स्टॉक के लिए अतिरिक्त 2 लाख टन प्याज की खरीद करने की भी घोषणा की है।

यह पहले से खरीदे जा चुके 5 लाख टन से अतिरिक्त होगा। बेंगलुरु रोज़ और कृष्णापुरम प्याज को छोड़कर प्याज की सभी किस्मों के लिए एमईपी मौजूद है। प्याज के लिए 800 डॉलर प्रति टन एमईपी लगभग 67 रुपये प्रति किलोग्राम के बराबर होता है। अगस्त के दूसरे सप्ताह से देशभर के प्रमुख उपभोग केंद्रों में बफर स्टॉक से प्याज को लगातार निकाला गया है, और एनसीसीएफ और नेफेड द्वारा संचालित मोबाइल वैन के माध्यम से खुदरा उपभोक्ताओं को 25 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से आपूर्ति भी की गई है। एक सरकारी बयान के अनुसार अब तक बफर स्टॉक से लगभग 1.70 लाख टन प्याज का निपटान किया जा चुका है।

दिल्ली में प्याज 80 रुपए प्रतिकिलो

देश में प्याज की कम आपूर्ति के कारण राष्ट्रीय राजधानी के खुदरा बाजार में प्याज की कीमतें बढ़कर 65-80 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई हैं। स्थानीय विक्रेता 80 रुपये प्रति किलो की दर से प्याज बेच रहे हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग के मुताबिक, शनिवार को प्याज की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत 45 रुपए प्रति किलो रही।

महुआ मोइत्रा को दो नवंबर को किया तलब

नई दिल्ली। लोकसभा की आचार समिति ने पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने से जुड़े आरोपों के मामले में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा का पांच नवंबर के बाद उन्हें बुलाने का अनुरोध शनिवार को अस्वीकार कर दिया और उनकी पेशी तिथि दो नवंबर तय कर दी। समिति ने मोइत्रा से कड़े लहजे में कहा कि वह किसी भी कारण से विस्तार के किसी अन्य अनुरोध पर विचार नहीं करेगी।

PM मोदी ने की मिस्र के राष्ट्रपति अल-सिसी से बात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी से बात की। दोनों के बीच शनिवार शाम को टेलीफोन पर बातचीत हुई। मिस्र के राष्ट्रपति के प्रवक्ता ने फेसबुक के जरिए बताया कि पीएम मोदी ने राष्ट्रपति अल-सिसी को फोन किया। दोनों के बीच गाजा पट्टी में इजराइली सैन्य अभियानों को लेकर विस्तार से बात हुई। दोनों ने नागरिक जीवन पर इसके विनाशकारी प्रभाव पर भी बात की। इस दौरान युद्ध से बढ़ रहे खतरों को लेकर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

तेलंगाना की चुनावी डायरी

ओबीसी सीएम की भाजपा की व्यूहरचना पर रामा राव व ओवैसी का वार

एजेंसी | हैदराबाद

तेलंगाना के अगामी विधानसभा चुनावों के लिए जातीय समीकरण साधने के लिए भाजपा ने व्यूहरचना शुरू कर दी है। इसके लिए पार्टी ओबीसी सीएम का दांच चला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सूर्यापेट में एक आमसभा में कहा कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो पार्टी किसी ओबीसी नेता को राज्य का मुख्यमंत्री बनाएगी।

शाह के इस बयान पर राज्य में सियासत शुरू हो गई है। राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव और एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शाह के बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि भाजपा को ओबीसी की इतनी ही चिंता है तो वह जाति आधारित जनगणना क्यों नहीं कराती है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार भाजपा पिछड़ा वर्ग से मुख्यमंत्री का शिगूफा छोड़कर जातीय समीकरणों को आधार बनाकर केसीआर को चुनौती देना चाह रही है।

क्या कहा था शाह ने

अगर भाजपा तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनाव में सत्ता में आती है, तो वह मुख्यमंत्री पद के लिए पिछड़ा वर्ग से किसी नेता का चयन करेगी।

इसलिए OBC को साधना चाहती है BJP

तेलंगाना में ओबीसी की करीब 51 फीसदी आबादी है यह आंकड़ा 2014 में तेलंगाना सरकार की ओर से हुए कराए गए हाउसहोल्ड सर्वे में सामने आया था। इसके अलावा राज्य में अनुसूचित जाति की आबादी 15.4 फ़ीसदी है और अनुसूचित जनजाति की आबादी 9.5 प्रतिशत है। एससी, एसटी और अल्पसंख्यकों के बीच केसीआर की भारत राष्ट्र समिति की मजबूत पकड़ है और उसमें सेंध लगाना भाजपा के लिए आसान नहीं है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार पार्टी राज्य में अपने लिए मजबूत जनाधार की तलाश में भाजपा की नजर ओबीसी पर टिकी है और इसलिए वह ओबीसी सीएम का वादा कर रही है। भाजपा के लिए दक्षिण भारत में अपना विस्तार करना बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसलिए वह तेलंगाना में नए समीकरण साधने का प्रयास कर रही है। सीएम के चंद्रशेखर राव वेलामा (जमींदार)समुदाय से हैं लेकिन उनकी एससी व एसटी दोनों समुदायों पर अच्छी पकड़ है। उन्होंने दोनों ही वर्गों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं और मंदिरों के निर्माण के लिए पहल की है।

केंद्र ने ओबीसी कल्याण मंत्रालय क्यों नहीं गठित किया: केटी रामा राव

इस बीच, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने शनिवार को हैदराबाद में कहा कि बीआरएस तब से ओबीसी के लिए एक मंत्रालय स्थापित करने की मांग उठा रही है, जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। तेलंगाना विधानसभा ने इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया था और बीआरएस ने अपने पूर्ण सत्र में भी इसकी मांग की थी लेकिन अभी तक यह मांग पूरी नहीं हुई है। केंद्र पर पिछड़े वर्गों के लिए जनगणना नहीं करने का आरोप लगाते हुए, रामा राव ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ओबीसी समुदाय से हैं। क्या पिछले साढ़े नौ साल में इस देश में पिछड़े वर्ग की स्थिति बदल गई है।

भाजपा-कांग्रेस जुड़वां भाई-बहन: ओवैसी

एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा से कहा कि अगर उसे पिछड़े वर्ग की इतनी ही चिंता है, तो वह उनकी जाति आधारित गणना क्यों नहीं कराती। ओवैसी ने शुक्रवार रात को जहीराबाद में एक जनसभा में भाजपा और कांग्रेस को जुड़वां भाई-बहन बताया और दावा किया कि ये दोनों ही दल तेलंगाना विधानसभा चुनाव में सफल नहीं होंगे। ओवैसी ने दावा किया कि न तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद में पारित महिला आरक्षण विधेयक में ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) और मुस्लिम महिलाओं के लिए उप कोटा की उनकी मांग का समर्थन किया।

मस्ती भरे रंग-गरबा के संग: म्यूजिकल नाइट को जयपुराइट्स ने किया एंजॉय

प्ले बैक सिंगर अखिल की लाइव परफॉर्मेंस से गुलाबी हो गई शाम

बेधड़क.जयपुर। दुनिया, ख्वाब, तेरी कमी जैसे गाने जब सिंगर ने लाइव गाए तो गुलाबी सर्दी के बीच युवाओं के कदम खुद-ब-खुद थिरकने लगे। सभी ने अपने फेवरेट सिंगर को डांस, हूटिंग और तालियों से चीयरअप किया। ये लाइव नजारा जयपुर में महात्मा ज्योतिराव फुले यूनिवर्सिटी सोडाला कैम्पस में देखने को मिला, जहां प्लेबैक सिंगर अखिल ने परफॉर्म किया। 'मस्ती भरे रंग-गरबा के संग' डांडिया व हॉस्टल नाइट में हजारों युवाओं ने डांस और मस्ती की। यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने मां अम्बे की स्तुति कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

फोटो: पंकज शर्मा

परम्परा भी हुई साकार

इस अवसर पर 'ओढ़नी ओढूं तो उड़-उड़ जाए, ढोलीड़ा ढोल बाजे रे, पंछीड़ा ओ पंछीड़ा, नगाड़े संग ढोल बाजे... सरीखे बॉलीवुड गीतों पर रंग-बिरंगे गरबा परिधानों में स्टूडेंट्स और फैकल्टी मैंबर्स ने डांडिया खनकाए। साथ ही प्रसिद्ध पंजाबी सिंगर अखिल ने अपनी दुनिया और सुपने गीत सुनाए तो हर कोई नाच उठा। इस अवसर पर हॉस्टल नाइट में हॉस्टलर्स छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति दी और दर्शकों को झूमने को मजबूर कर दिया।

चला गुजराती-मारवाड़ी फ्यूजन

महोत्सव में गुजराती और मारवाड़ी कल्चर की जुगलबंदी देखने को मिली। हजारों युवाओं ने फेकल्टी के साथ राजस्थानी और गुजराती गीतों के फ्यूजन पर डांडिया की खनक के साथ ताल से ताल मिलाई। सिंगर अखिल ने कई नगमें लाइव सुनाए, जिनको यूथ ने खूब चीयर किया। अखिल के साथ लय और ताल मिलाते हुए कार्यक्रम को फलक पर पहुंचा दिया। चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने बताया कि कार्यक्रम में तीन सर्वश्रेष्ठ समूह को कैश प्राइज देकर सम्मानित किया गया।

दिवाली सेलिब्रेशन में लेडीज ने धारण किए अनोखे रूप

बेधड़क. जयपुर। लेडीज ने क्रिएटिविटी दिखाते हुए हेलोविन पार्टी को एंजॉय किया। किसी का मेकओवर खास था तो किसी ने ड्रेस में इनोवेशन किया और पार्टी में सबसे अलग और खास बनकर आकर्षित किया। ये थीं फिट बॉडी एंड सोल वुमन नेटवर्किंग फोरम की मैंबर्स, जिन्होंने फेस्टिव मीट मनाया। पार्टी में मैंबर्स को 2 टीमों में डिवाइड किया गया। क्वीन ऑफ हर्ट्स और हैलोवीन के अवतार वाली स्पूकी क्वीन्स नाम से बने ग्रुप में हर कोई स्पेशल करने के लिए आतुर था। हैलोवीन क्वीन की टीम वाले मैंबर्स स्पूकी क्वीन या चुड़ैल के गेटअप में आए तो क्वीन ऑफ हर्ट्स टीम दिवाली थीम में सामने आए। फाउंडर मेघा गुप्ता ने बताया कि इस साल दिवाली और हैलोवीन साथ होने से अनोखी थीम पार्टी ऑर्गेनाइज की गई। इस दौरान कई मजेदार खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें लेडीज ने क्रिएटिविटी दिखाई। साथ ही फन कार्ड एंड प्रैंक गेम्स के साथ साथ, नेटवर्किंग, म्यूजिक, थीमेटिक डांस पार्टी का लुत्फ उठाया। जूही अहलूवालिया, मेघा कोटवाला, साक्षी गोयल, विदिशा जैपुरिया, रोशनी सेजवानी, अदिति चौधरी, पूजा गुप्ता,अनुज्ञा महरवाल आदि पार्टी में शामिल हुईं।

जयपुर फिटनेस महोत्सव में पहुंचे पहलवानी के दीवाने

बेधड़क. जयपुर। जयपुर में फिटनेस के दीवाने बहुत हैं और बॉडी बिल्डिंग भी उनका पेशन है। ऐसी ही फिटनेस और पेशन शहर में देखने को मिली। मौका था अनूठे प्रोग्राम महाबड़ा फिटनेस महोत्सव का। मुख्य आयोजक गिरिराज सिंह और मुख्य सपोन्सर सुनील बवेजा ने बताया कि महोत्सव का आयोजन दशहरा मैदान में हो रहा है, जो 30 अक्टूबर तक जारी रहेगा। पहले दिन कई पहलवान महोत्सव में आए और फिटनेस का मैसेज दिया। उन्होंने बताया कि महोत्सव में विभिन्न फिटनेस प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी जिनमें 15 बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता, 11 डेडलिफ्ट चैम्पियनशिप, 9 आर्म व्रेस्लिंग प्रतियोगिता और 10 बॉक्सिंग प्रतियोगिता शामिल हैं। कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं भी महोत्सव में शामिल हैं। महोत्सव में नेशनल सेलेब्रिटियों द्वारा पोषण और फिटनेस सत्रों का आयोजन होगा, जिसमें वे अपने अनुभवों और ज्ञान को साझा करेंगे। 7000 से अधिक लोग महोत्सव में आएंगे, जिनके लिए व्यवस्था की गई है।

City इवेंट्स

शिविर में सेवाएं देने वाले शिक्षक सम्मान

बेधड़क. जयपुर। दिगंबर जैन महासमिति राजस्थान अंचल की ओर से मुनि जिनानन्दजी, सर्वानन्दजी व पूर्वानन्दजी महाराज के सानिध्य में दशलक्षण पर्व पर हुए सांस्कृतिक धार्मिक, सामाजिक व झांकियों और ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविर में सेवाएं देने वालों का सम्मान किया गया। मानसरोवर आदिनाथ भवन मीरा मार्ग में हुए कार्यक्रम में अध्यक्ष अनिल जैन (आईपीएस रिटायर्ड) ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक बड़जात्या को समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। महामंत्री महावीर जैन बाकलीवाल ने बताया कि राष्ट्रीय महामंत्री सुरेन्द्र कुमार जैन व मृदुला जैन ने दीप प्रज्वलित किया। चित्र अनावरण पदम, विजय जैन वैद, पुरस्कार वितरण सर्व अशोक विजय लक्ष्मी जैन बड़जात्या व सुरेश शशि सोगानी ने किया। महाराजश्री का पाद प्रक्षालन अशोक बड़जात्या राष्ट्रीय अध्यक्ष व कमेटी के सदस्यों ने किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. णमोकार जैन ने बताया कि दौसा संभाग, मालपुरा, देवली, निवाई, टोंक के साथ जयपुर से स्थित 47 मंदिरों में सांस्कृतिक धार्मिक सामाजिक व झांकियों को श्रेष्ठता के आधार पर सम्मानित किया गया। ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविर मुख्य संयोजक डॉ. बीसी जैन ने बताया कि निस्वार्थ सेवाएं देने वाले 60 शिक्षकों का सम्मान किया गया।

गरबा महोत्सव में मिलाई ताल

बेधड़क. जयपुर। मिलन विहार स्थित डी अफेक्ट स्कूल में शनिवार को गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव को लेकर छात्राओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। महोत्सव में स्कूल की छात्राएं पारंपरिक परिधान पहनकर डांडिया में उतरीं। इस दौरान उन्होंने गरबा किया और डांडिया खनकाए। कभी अपने जानकार के संग तो कभी किसी अन्य के साथ। डी अफेक्ट स्कूल के संस्था निदेशक सरोज शर्मा, पूजा सैनी आदि व अन्य स्टाफ इस मौके पर मौजूद रहे।

महिला टीम ने संभाली रक्तदान शिविर की कमान

डिजिटल कार्ड से रक्तदाताओं को डिजिटल क्रांति से जोड़ा

बेधड़क | जयपुर

जीवन लक्ष्य फाउंडेशन एवं मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में लाल कोठी स्थित अभयम सभागार में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया।

संयोजक अंजू गर्ग ने बताया कि कैम्प में 150 से अधिक महिला एवं पुरुषों ने रक्तदान किया। कैंप में खोजो राइट नाउ स्टार्टअप द्वारा सभी रक्तदाताओं को डिजिटल क्रांति के तहत जोड़ने के प्रयास के तहत फ्री वेबसाइट एवं डिजिटल कार्ड बनाया गया। सहसंयोजक प्रमित गुप्ता ने बताया कि यह संस्था का तीसरा कैंप है। सहसंयोजक पूजा चतुर्वेदी ने बताया कि शिविर में तकरीबन 70 महिलाओं ने एवं 80 से अधिक पुरुषों ने भाग लिया। कार्यक्रम निदेशक एवं मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के संस्थापक महासचिव सीए विजय गर्ग ने बताया कि इस ब्लड डोनेशन कैंप की सभी व्यवस्थाएं महिला टीम ने संभाल रखी थी।

टीम में अंजू गर्ग ,पूजा चतुर्वेदी, साक्षी, बरखा, अनुराधा, मधु राठौर, सुमन राठौर, सारिका गुप्ता, माधुरी शर्मा, मीना सोनी, पूजा शर्मा, निधि अग्रवाल, आभा दीक्षित, हेमलता मीना, मधु कंवर, रेणु पारीक, सीमा सारण, मनीषा शर्मा, नीता चतुर्वेदी शामिल थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ एडिशनल एसपी इंटेलिजेंस अकेडमी राकेश कछवाल, सिंगर रवींद्र उपाध्याय, एडिशनल डायरेक्टर डीपीआर गोविंद पारीक ने किया। कार्यक्रम में कैलाश जिंदल, गोपाल गुप्ता, जेपी शर्मा ने रक्तदातों का सम्मान किया।

कायस्थ कल्याण बोर्ड के गठन में योगदान पर सम्मान

श्रीवास्तव को राजस्थान रतन और कायस्थ रत्न की उपाधि

बेधड़क | जयपुर

सर्व कायस्थ समाज राजस्थान की ओर से मानसरोवर स्थित मरुधर माथुर समाज के सामुदायिक केंद्र में राजस्थान चित्रगुप्त कायस्थ कल्याण बोर्ड के गठन में विशिष्ट योगदान देने के लिए धीरज श्रीवास्तव का सम्मान किया गया। उन्हें राजस्थान रतन व कायस्थ रत्न की उपाधि दी गई। कार्यक्रम आयोजक अरुण सक्सेना ने बताया कि राजस्थान कायस्थ समाज की विभिन्न संस्थाओं द्वारा 4 वर्षों से कायस्थ कल्याण बोर्ड की मांग की जा रही थी। साथ ही विभिन्न संस्थाओं ने अपने स्तर पर मुख्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायकों, मंत्रियों व अनेक बोर्डों के अध्यक्षों को बोर्ड की मांग को लेकर ज्ञापन दिए गए थे। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा सहित अनेक संस्थाओं ने मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रियों को दिए गए ज्ञापन की कॉपी राजस्थान फाउंडेशन आयुक्त धीरज श्रीवास्तव को देकर अपील की थी कि मुख्यमंत्री से मिलकर कायस्थ बोर्ड के गठन के लिए समाज की भावनाओं से अवगत कराएं। श्रीवास्तव ने प्रयास कर मुख्यमंत्री से सहमति लेकर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के प्रोग्राम मुन्शी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान समारोह में समाज को खुश खबरी दी थी। शनिवार को राजस्थान के समाज की 35 संस्थाओं ने श्रीवास्तव को सम्मान देकर आभार प्रकट किया। इस मौके पर श्रीवास्तव ने कहा, कि यह राजस्थान कायस्थ समाज के सभी चित्रांशों व कायस्थ संस्थाओं की जीत है

स्थापना दिवस दी बैंक ऑफ बड़ौदा एम्प्लाई यूनियन के गोल्डन जुबली फेस्ट का शुभारंभ

बेहतरीन सेवाओं का सम्मान पाकर भावुक हुए बैंककर्मी

बेधड़क | जयपुर

वर्षों तक मेहनत करने के बाद जब मंच पर सम्मान मिला तो कोई भावुक तो कोई रोमांचित नजर आया। साथियों ने उनका हौसला तालियों से बढ़ाया।

नजारा था दी बैंक ऑफ बड़ौदा एम्प्लाई यूनियन की प्रदेश इकाई की स्थापना के दो दिवसीय गोल्डन जुबली समारोह के शुभारंभ का, जो महावीर स्कूल ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। समारोह में प्रदेश भर से 400 बैंककर्मियों सहित बैंक के अखिल भारतीय स्तर के उच्च अधिकारियों ने शिरकत की। समारोह में बैंक सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया।

अधिवेशन का उद्घाटन बैंक ऑफ बडौदा जयपुर अंचल के महाप्रबंधक व अंचल प्रमुख हर्षद कुमार सोलंकी ने किया।

अध्यक्षता ओपी राठौर अध्यक्ष द बैंक ऑफ बडौदा कर्मचारी यूनियन राजस्थान स्टेट ने की। सम्मान समारोह में बैंककर्मी राकेश कुमार ने देश भक्ति गीत मेरे देश की धरती सोना उगले गाया तो सभी उत्साहित नजर आए।

National Conference ... Employees' Federation of Bank ...
GOLDEN JUBILEE CONFERENCE
INAUGURAL SESSION
Shree M...

इनको मिला सम्मान

यूनियन महासचिव विनिल सक्सेना ने बताया कि समारोह में 50 वर्षों में संगठन के लिए कार्य करने वाले महासचिवों केके जैन, दिलीप मखीजा, आदित्य कुलश्रेष्ठ, वीसी गुप्ता, ओपी त्रिपाठी और संगठन के वर्तमान महासचिव विनिल सक्सेना सहित बैंक कर्मियों वीसी गुप्ता, बीडी विजय, टीएन भार्गव, एसके सेठी, एससी पालीवाल और सुमन सागर मेहता का सम्मान किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संचालन बैंक के पूर्व कर्मी और प्रदेश के वरिष्ठ रंगकर्मी नरेंद्र अरोड़ा ने किया।

ये रहे मौजूद

विशेष अतिथि मिलिंद नादकर्णी महासचिव ऑल इंडिया बैंक ऑफ बड़ोदा एम्पलाइज फैडरेशन व पूर्व निदेशक बैंक ऑफ थे। अतिथियों में सुधांशु उप महाप्रबंधक व उप अंचल प्रमुख, संतोष बंसल उप महाप्रबंधक (ने.), बीएल मीना उप महाप्रबंधक (ने.) व दीपक कुमार सिंह सहायक महाप्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख जयपुर क्षेत्र मौजूद रहे। वहीं, बैंक ऑफ बड़ौदा राजस्थान आंचल के तथा यूनाइटेड फॉर्म ऑफ बैंक यूनियंस संगठक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अधिवेशन आज

समारोह के दूसरे दिन रविवार को सुबह 10:30 बजे से बैंककर्मियों का अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। इसमें द बैंक ऑफ बड़ोदा कर्मचारी यूनियन राजस्थान स्टेट के विभिन्न क्षेत्रों से 400 से ज्यादा पदाधिकारी, प्रतिनिधि, पर्यवेक्षक तथा संगठन सदस्यगण व अतिथि, विभिन्न शाखों में कार्यरत शाखा प्रबंधक और अंचल में कार्यरत कार्यपालकगण व अन्य राज्यों से आए संगठन के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, रविवार, 29 अक्टूबर, 2023

कभी मन बेवजह ही खुश रहे तो समझ लीजिएगा कि आपके लिए किसी ने दुआओं का दीपक जलाया है।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

गाजा में घुसकर इजराइली सेना बरपा रही कहर

हमास पर सबसे बड़ा हमला... सर्वत्र तबाही का मंजर

एजेंसी | दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)

इजराइल की सेना ने शुक्रवार की रात को अब तक की सबसे बड़ी बमबारी गाजा पट्टी में की है। इजराइली सेना ने एक बयान जारी करके कहा कि यह बमबारी अभी भी जारी है और हमास के सैकड़ों ठिकानों को तबाह किया गया है। उन्होंने पहली बार स्वीकार किया कि इजराइल के सैनिक उत्तरी गाजा इलाके में घुस गए हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल की सेना गाजा पट्टी में घुस गई है और अपने जमीनी अभियान को आगे बढ़ा रही है। इसमें सेना के इन्फैन्ट्री, आर्मर और इंजीनियरिंग यूनिट सभी शामिल हैं। इसके अलावा तोपों की मदद से हमास के ठिकानों पर जमकर बारूद बरसाया जा रहा है। फिलिस्तीनी गुटों का दावा है कि अब तक 7000 लोग इस हमले में मारे गए हैं। वहीं, गाजा एक सप्ताह से बिजली नहीं होने से अंधेरे में डूबा हुआ है। फलस्तीन के लोग भोजन और पेयजल की समस्या से भी जूझ रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली सेना के प्रवक्ता ने कहा कि सेना गाजा की जमीन पर मौजूद है और लड़ाई जारी है।

हर मिनट हो रहे कई विस्फोट

इजराइल के हमलों से गाजा की धरती लगातार दहल रही है। हर तरफ मलबा और बर्बादी साफ देखी जा सकती है। स्थानीय लोग दहशत में हैं और मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बताया जा रहा है कि इजराइल इतना बारूद बरसा रहा है कि हर मिनट कई विस्फोट हो रहे हैं। गाजा में हर तरफ धुआं उठता हुआ दिख रहा है। इजराइली सेना ने बताया कि शुक्रवार की रात को अब तक की सबसे बड़ी बमबारी की है।

23 लाख लोगों का दुनिया से संपर्क कटा

इजराइली सेना ने एंटी टैंक मिसाइलों के डर से गाजा के एक बड़े इलाके को खाली करा लिया है। इस बीच स्थानीय लोगों का कहना है कि इजराइल ने इतना भीषण हमला अब तक नहीं किया था। इजराइल ने गाजा पट्टी में इंटरनेट और संचार के अन्य माध्यम बंद कर दिए हैं, जिससे वहां रहने वाले 23 लाख लोगों का आपस में तथा बाहरी दुनिया से संपर्क कट गया है। संचार ठप होने से हमले में लोगों के मारे जाने और जमीनी कार्रवाई के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकेगी। लोग सुरक्षित स्थानों की तलाश में पलायन कर रहे हैं।

इजराइल-हमास संघर्ष संबंधी प्रस्ताव पर मतदान

वोटिंग से दूर रहा भारत

एजेंसी | संयुक्त राष्ट्र

इजराइल-हमास संघर्ष पर यूएनजीए में 'आम नागरिकों की सुरक्षा और कानूनी एवं मानवीय दायित्वों को कायम रखने' शीर्षक वाले जॉर्डन के मसौदा प्रस्ताव पर भारत मतदान से दूर रहा। इस प्रस्ताव में इजराइल-हमास युद्ध में तत्काल मानवीय संघर्ष-विराम और गाजा पट्टी में निर्बाध मानवीय पहुंच सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया था।

संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा ने उस प्रस्ताव को अपनाया, जिसमें तत्काल, टिकाऊ और निरंतर मानवीय संघर्ष-विराम का आह्वान किया गया है, ताकि शत्रुता समाप्त हो सके। प्रस्ताव के पक्ष में 121 देशों ने मत किया, 44 सदस्य मतदान से दूर रहे और 14 सदस्यों ने इसके खिलाफ वोट दिया। प्रस्ताव में पूरी गाजा पट्टी में आम नागरिकों को आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं का तत्काल, निरंतर, पर्याप्त और निर्बाध प्रावधान करने की मांग की गई थी।

भारत का स्पष्टीकरण

संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थाई प्रतिनिधि योजना पटेल ने मतदान पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि ऐसी दुनिया में जहां मतभेदों और विवादों को बातचीत से हल किया जाना चाहिए। मतदान के बारे में भारत के स्पष्टीकरण में हमास का उल्लेख नहीं किया गया। पटेल ने कहा, 'आतंकवाद हानिकारक है और इसकी कोई सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल नहीं होती। दुनिया को आतंकी कृत्यों को जायज ठहराने की कोशिश करने वालों पर गौर नहीं करना चाहिए। आइए, हम मतभेदों को दूर रखें, एकजुट हों और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने का दृष्टिकोण अपनाएं।'

हम स्तब्ध और शर्मिंदा: प्रियंका गांधी

विशेषज्ञों का कहना है कि भारत ने कनाडा के लिए संशोधन प्रस्ताव का खुलकर समर्थन किया था। इसमें हमास की जिम्मेदारी तय करने की बात कही, अलबत्ता, यह प्रस्ताव दो तिहाई बहुमत नहीं मिलने की वजह से पारित नहीं हो सका था। इससे पहले प्रियंका गांधी ने कहा था कि वह स्तब्ध और शर्मिंदा हैं कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में संघर्ष-विराम का आह्वान करने वाले प्रस्ताव पर मतदान से भारत दूर रहा। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब मानवता के हर कानून को ध्वस्त कर दिया गया है, तो ऐसे समय में अपना रुख तय नहीं करना और चुपचाप देखते रहना गलत है।

कजाकिस्तान की कोयला खदान में लगी भीषण आग

कम से कम 21 लोगों की मौत, 25 घायल

एजेंसी | लंदन

मध्य कजाकिस्तान में कोयला खदान में शनिवार को आग लगने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई जबकि 25 अन्य लोग लापता हैं। खदान का संचालन करने वाली कंपनी आर्सेलरमित्तल तेमिरताउ ने एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि जिस वक्त कोस्टेनको कोयला खदान में आग लगी तो उसमें करीब 252 लोग काम कर रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि आग लगने का कारण मिथेन गैस हो सकती है।

लक्समबर्ग स्थित दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इस्पात निर्माता बहुराष्ट्रीय कंपनी आर्सेलर मित्तल का स्थानीय प्रतिनिधि आर्सेलरमित्तल तेमिरताउ है। आर्सेलरमित्तल तेमिरताउ कारागांडा क्षेत्र में आठ कोयला खदानों का संचालन करती है। इसके अलावा कंपनी के पास मध्य एवं उत्तरी कजाकिस्तान में चार लौह अयस्क खदानों के संचालन का जिम्मा भी है। कंपनी की इसी खदान अगस्त में भी आग लग गई थी जिसमें चार खनिकों की मौत हो गई थी। वहीं, नवंबर 2022 में एक अन्य कार्यस्थल पर मीथेन गैस के रिसाव से पांच लोगों की मौत हो गई थी।

कंपनी ने बयान में मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनका प्रयास अब यह सुनिश्चित करना है कि प्रभावितों को सरकार से सहयोग मिले।

पाक: बम धमाके में दो सैनिकों की मौत

इस्लामाबाद। अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तानी इलाके में सड़क किनारे हुए एक बम विस्फोट में दो सैनिकों की जान चली गई जबकि रात भर चले सैन्य अभियान में एक आतंकी भी मारा गया। सेना ने शनिवार को बताया कि खैबर जिले की तिराह घाटी में शुक्रवार देर रात खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाया गया। अभियान में एक आतंकी मारा गया व दो घायल हो गए। जिन्हें पकड़ लिया गया।

मिस्र में भीषण सड़क दुर्घटना

32 लोगों की मौत, 63 अन्य घायल

एजेंसी | काहिरा

काहिरा और भूमध्यसागर शहर सिकन्दरिया को जोड़ने वाले राजमार्ग पर शनिवार को कई कारों के एक के पीछे एक टकराने से कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई।

देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि काहिरा और अलेक्जेंड्रिया को जोड़ने वाले राजमार्ग पर शनिवार सुबह यह हादसा हुआ। इस दुर्घटना में कम से कम 63 अन्य घायल हो गए। बयान के अनुसार इस दुर्घटना में एक यात्री बस और अन्य वाहन शामिल थे, साथ ही इस दौरान कुछ वाहनों में आग भी लग गई। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक सुबह के समय घना कोहरा छाया हुआ था। हादसा उस समय हुआ जब एक बस ने सड़क किनारे खड़े वाहन को टक्कर मार दी। इसके बाद अन्य वाहन बस से टकरा गए।

घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। बस काहिरा जा रही थी। घटना के वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं।

NASA के टेलिस्कोप ने किया खुलासा

जूपिटर पर रहस्यमयी जेट स्ट्रीम

एजेंसी | वाशिंगटन

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने पिछले कई वर्षों से अंतरिक्ष के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देती रही है। इसी कड़ी में नासा के जेम्स वेब टेलिस्कोप ने जूपिटर के वातावरण में एक हाई-स्पीड जेट स्ट्रीम की हैरान करने वाली इमेज कैप्चर की है। इसकी चौड़ाई 4,800 किमी की है।

यह जूपिटर के इक्वेटर के ऊपर मौजूद है। जूपिटर की इस हाई-स्पीड जेट स्ट्रीम को रफ्तार लगभग 515 किमी प्रति घंटा मापी गई है। टेलिस्कोप की वेबसाइट के अनुसार, इससे यह पता चल सकता है कि इस ग्रह का असमान वातावरण किस प्रकार का है। इस बारे में पेपर के प्रमुख लेखक रिकार्डो ह्यूसो ने कहा, "इस इमेज से हैरत में पड़ गए थे। हमने इससे पहले जूपिटर के वातावरण में कोहरा देखा था।" पिछले वर्ष जुलाई में कैप्चर की गई इस इमेज का रिसर्च टीम ने विश्लेषण किया है।

शेयर की एक अन्य हैरतअंगेज इमेज



इसके अलावा हाल ही में नासा ने अंटार्कटिक प्रायद्वीप पर मौजूद डिसेप्शन आइलैंड की हैरतअंगेज इमेज शेयर की थी। दुनिया में यह एकमात्र ऐसा स्थान है जहां जहाज एक सक्रिय ज्वालामुखी में सीधे जा सकते हैं। नासा ने इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इस इमेज के कैप्शन में लिखा था, "समुद्र के नीले पानी से घिरे डिसेप्शन आइलैंड की सैटेलाइट इमेज। इस आइलैंड पर चट्टानें और पहाड़ हैं और कुछ चोटियों पर सफेद बर्फ है। इसके नीचे एक स्थान से जहाज सीधे आइलैंड के मध्य में जा सकते हैं।"

ज्वालामुखी में डिसेप्शन आईलैंड

इस इमेज में ज्वालामुखी का ऊपरी हिस्सा दिख रहा है। इसे कुछ वर्ष पहले कैप्चर किया गया था। अंटार्कटिक में मौजूद दो सक्रिय ज्वालामुखी में डिसेप्शन आइलैंड शामिल है। इसमें 19वीं सदी से अब तक 20 से अधिक विस्फोट हो चुके हैं। यह स्थान निर्जन है, लेकिन अंटार्कटिक में पर्यटकों के बीच यह काफी लोकप्रिय है। यहां प्रति वर्ष 15,000 से अधिक पर्यटक आते हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यह आइलैंड व्हेल और सील के शिकार के लिए भी इस्तेमाल किया जाता था।

सच बेधड़क
बेधड़क अंदाज, बेधड़क खबरें
दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

राजस्थान का तेजी से बढ़ता हिंदी TV न्यूज़ चैनल एवं दैनिक हिंदी अख़बार

CHANNEL NOW AVAILABLE ON

TATA PLAY 1186
airtel digital TV 372
RM Cable 123
DCN 987
GTPL Entertain | Connect JAIPUR, AJMER, ALWAR 986

DIGITAL PARTNER
JioNews

A MAN OF 29 YEARS OF AGE WHO BECAME WORLD'S YOUNGEST MEDIA ENTREPRENEUR
VINAYAK SHARMA
FOUNDER & EDITOR IN CHIEF
SACH BEDHADAK MEDIA GROUP

DOWNLOAD APP
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
SCAN TO DOWNLOAD
official@sachbedhadak.com
WWW.SACHBEDHADAK.COM
Sach Bedhadak SachBedhadak Sach Bedhadak sach_bedhadak

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
संपादक: विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl